हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 2 मई 2025

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाएं, अंधड़ के साथ बारिश, बंगाल से आ रही नमी और वेस्टर्न डिस्टरबेंस मुख्य वजह, अगले तीन दिन ऐसे ही रहेगा मौसम!

## शहर सहित ग्रामीण इलाको में तेज बारिश से घंटों प्रभावित रही बिजली आपूर्ति, लोग रहे हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



तपती धूप और 44 डिग्री तापमान से अंचल को कुछ राहत मिली है। पिछले तीन दिनों से बदले हुए मौसम के बीच गुरुवार की शाम तेज अंधड़ के साथ बारिश देखने को मिली। हवाएं लगभग 50 किमी की रफ्तार से चली, जिसके चलते कई पेड़ सहित दुकानों में लगे बोर्ड गिर पड़े। विभाग के अनुसार अगले तीन दिन भी मौसम का हाल ऐसा ही बना रह सकता है। बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाएं और वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से प्रदेशभर में गर्मी के इन दिनों में बेमौसम बारिश का अलर्ट जारी हो रहे हैं। हालांकि इसका बहुत अधिक असर तापमान में देखने को नहीं मिलेगा। ज्ञात हो कि गुरुवार को अंचल का अधिकतम तापमान 39 और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री पर रहा। इधर दुर्ग से लेकर बिलासपुर मौसम विभाग ने अगले 4 दिन अंधड़ और बारिश का अलर्ट जारी किया है। बस्तर संभाग के जिलों में तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ सकती है। बुधवार को कबीरधाम जिले में बारिश के साथ ओले गिरे हैं। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से नमी आने और वेस्टर्न डिस्टरबेंस, ट्रफ के कारण मौसम में बदलाव हुआ है। कई जिलों में दिन का तापमान 35 से 39 डिग्री के बीच बना हुआ है।

### ऐसा रहेगा अंचल में मौसम

मौसम विभाग के अनुसार एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका दक्षिण पश्चिम राजस्थान से उत्तर केरल तक 1.5 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। कल से पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव पड़ने की सम्भावना है। जिसके कारण बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी आने की सम्भावना है। प्रदेश में कल 02 मई को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा ओलावृष्टि होने की संभावना है। यही स्थिति 03 मई को भी रहने की सम्भावना है। जिसके चलते प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट भी देखने को मिलेगा।



### दोपहर में धूप, शाम को बारिश

अंचल में सुबह मौसम सामान्य रहा और धूप भी खिली, लेकिन दोपहर बाद शात होते-होते मौसम में बदलव देखने को मिला। तेज धुप के बाद अचानक शाम करीब पांच बजे आसमान में काले बादल देखने को मिले। आंधी के करीब 15 मिनट बाद ही बूंदाबांदी और उसके बाद कुछ क्षेत्रों में तेज बारिश शुरू हो गई और गर्मी से राहत मिली। तेज हवाओं के चलते टीन-छप्पर उड़े, कई जगह नुकसान भी देखने को मिला, पेड़ भी उखड़ गए। कई जगह कांच के दरवाजे और खिड़कियां भी प्रभावित हुई।

---

## स्कूलों के युक्तियुक्तकरण के बाद अतिशेष शिक्षकों की बनेगी सूची


# युक्तियुक्तकरणः 10 से कम बच्चों वाले स्कूल होंगे मर्ज, जिले में 621 शालाएं होंगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में सरकार ने अब युक्तियुक्तकरण के आदेश जारी कर दिए हैं। इस आदेश के तहत 10 से कम दर्ज संख्या वाली प्राथमिक या पूर्व माध्यमिक शालाओं का निकटस्थ शालाओं में समायोजन किया जाएगा। जिले में करीबन 621 स्कूल ऐसे हैं, जो इस प्रक्रिया के तहत प्रभावित होंगे। शिक्षा विभाग ने आदेश मिलने के बाद अब प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का काम शुरू कर दिया है। इसमें पहले स्कूलों का युक्तीयुक्तकरण किया जाएगा। वहीं इसके बाद अतिशेष शिक्षकों को शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षकीय स्कूलों में पदस्थ करने की कार्रवाई की जाएगी। शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के लिए निम्नानुसार दो समितियों का गठन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले दो साल से युक्तीयुक्तकरण को लेकर अटकलें चल रही थी। इस आशय में राज्य की स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का आदेश जारी कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने इस संबंध में राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी है। बताया गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के अनुरूप शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। शासन द्वारा शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के लिए संशोधित समय सारिणी भेजी गई है।

एक परिसर में संचालित दो या दो से अधिक प्राथमिक विद्यालय 8
एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय 432
एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल की संख्या 39
एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल 78
एक ही परिसर में संचालित पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल हाई सेकंडरी स्कूल 64
**कुल परिसर 291 कुल स्कूल संख्या 621**




**समिति होगी गठित, वहीं करेगी निर्णय :** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अध्यक्ष, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सदस्य-सचिव, सदस्य के रूप में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विखं स्रोत समन्वयक, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास शामिल होंगे। इसी प्रकार जिला स्तरीय समिति कलेक्टर की अध्यक्षता में होगी। जिसमें जिला पंचायत के सीईओ सदस्य, जिला मुख्यालय के नगर निगम आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल होंगे।

### इन स्कूलों का होगा युक्तियुक्तकरण

एक ही परिसर में संचालित दो या दो से अधिक पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण। एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण। एक ही परिसर में संचालित पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण। एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल का युक्तियुक्तकरण। एक ही परिसर में संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण।

### काउंसलिंग के माध्यम से होगी पोस्टिंग

विकासखंड स्तरीय समिति एक ही परिसर में स्थित दो या दो से अधिक प्राथमिक या पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की दर्ज संख्या एवं कार्यरत शिक्षकों की विद्यालय में पदस्थापना तिथि के आधार पर अतिशेष शिक्षकों की जानकारी सूचीबद्ध करेगी। साथ ही समिति निकट के कम दर्ज संख्या वाले विद्यालयों के अतिशेष शिक्षकों की सूची भी तैयार करेगी। विकासखंड स्तरीय समिति द्वारा दर्ज संख्या के अनुपात में रिक्त पदों की विद्यालय सूची बनाई जाएगी। अंतिम रूप से तैयार सूची के आधार पर जिला स्तरीय समिति अतिशेष शिक्षकों का रिक्त पदों पर पदांकन काउंसिलिंग के माध्यम से करेगी।

### आत्मानंद, पीएमश्री सहित ऐतिहासिक स्कूल को छूट

खास बात यह है कि स्कूलों के युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद हिंदी और अंग्रेजी माध्यम स्कूलों, पीएमश्री स्कूलों का समायोजन नहीं किया जाएगा। इसके अलावा यदि कोई विद्यालय ऐतिहासिक महत्व का है, किंतु दर्ज संख्या कम हो तो भी इस विद्यालय का युक्तियुक्तकरण किसी अन्य विद्यालय में नहीं होगा, बल्कि इस विद्यालय को यथावत रखते उसी परिसर अथवा निकट के अन्य विद्यालय का समायोजन इस ऐतिहासिक महत्व वाले विद्यालय में किया जाएगा।

---

# हरे सोने की तोड़ाई से पहले पुलिस ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा तेन्दुपत्ता वनोपज के संग्रहण व परिवहन कार्य में सुरक्षा संबधी निर्देशों के तहत वन विभाग और प्रबंधको की मीटिग लिया गया।इस दौरान विभिन्न विषयों को लेकर हिदायत दी गई।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में 1 मई को पुलिस अधीक्षक त्रिलांक बंसल द्वारा , उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय प्रदीप येरेवार, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स,रक्षित केन्द्र रमेश चंद्रा ,एसडीओ (फॉरेस्ट) अमरीतलाल खुटे, निरीक्षक अम्बरीश शर्मा प्रभारी नक्सल सेल की उपस्थिति में जिले के संग्रहण-परिवहन कार्य विभिन्न फर्म,एजेन्सी के प्रबंधको व वन विभाग के अधिकारियों का लिया। गैर सूचना पर राशि सहित तेन्दुपत्ता संग्राहक एवं उसके कर्मचारी पुलिस चेकिंग के दौरान पकड़ा जाता है तो उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स रमेश कुमार चंद्रा ने कहा कि तेन्दुपत्ता सीजन में आवश्यक सुरक्षा सावधानी बरतने व माओवादियों की किसी प्रकार की सूचना मिलने पर नजदीकी पुलिस थाना में सम्पर्क करने बताया गया। इस अवसर पर नक्सल सेल प्रभारी निरीक्षक अम्बरीश शर्मा, फारेस्ट रेंजर, प्रधान आरक्षक आशीष वर्मा एवं तेन्दुपत्ता संग्राहक के प्रतिनिधि वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### नगद राशि जंगल क्षेत्र में ना ले जाए

पुलिस अधीक्षक श्री बसंल ने कहा कि पूर्व में तेन्दूपत्ता माओवादियों के फंडिग का मुख्य आय का स्त्रोत हुआ करता था एवं वर्तमान में शासन की मंशानुरूप मार्च 2026 के पहले माओवादियों का खात्मा करने के उद्देश्य से माओवादी बौखलाये हुए है। पुलिस अधीक्षक ने आगे कहा कि प्रत्येक ठेकेदार अपने यूनिट हेडक्वार्टर में कार्यरत व्यक्तियों की सम्पूर्ण जानकारी(पूर्ण पता) यूनिट अन्तर्गत लगने वाले थाना,चौकी पर जमा करेंगे व एक सूची पुलिस अधीक्षक कार्यालय केसीजी में जमा करेंगे। एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बिना अनुमति के नगद राशि जंगल क्षेत्रों में नही ले जाने की हिदायत दिया गया।

---

# चाकू दिखाकर लोगों को डराने वाला युवक पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चाकू दिखाकर लोगो को डराने धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 1मई को डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिला कि नीचे बम्लेश्वरी मंदिर के सामने नारियल प्रसाद दुकान के पास एक व्यक्ति अपने पास बटनवाला चाकू रखकर लोगों को दिखाकर डरा धमका रहा है । सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पंहुचकर आरोपी महेश्वर ठाकुर उम्र- 19 साल निवासी अटल आवास कन्या शाला रोड को चाकू दिखाकर लोगों को डराते धमकाते रंगे हाथ पकड़कर आरोपी से एक नग बटनवाला चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

# मॉडिफाइड साइलेंसर से पटाखे की आवाज और आड़े तिरछे नंबर प्लेट लगाकर नियमों को चुनौती दे रहे बाइकर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में इन दिनों मॉडिफाइड साइलेंसर से पटाखे की आवाज और डिजाइनर नंबर प्लेट वाले वाहन काफी संख्या में नजर आ रहे हैं। शहर की सड़कों पर मनमाफिक रफ्तार और साइलेंसर से पटाखे की आवाज निकालकर बाइकर्स धूम मचा रहे हैं।

हालांकि पुलिस विभाग द्वारा समय-समय पर ऐसे वाहन पर कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन अभियान सतत नहीं चलने की वजह से बाइकर्स अपने वाहन के साइलेंसर बदलवा रहे हैं। वहीं मापदंड के अनुसार मिले नंबर प्लेट भी निकालकर डिजाइनर नंबर प्लेट लगी वाहन चला रहे हैं। दोपहिया वाहनों में कंपनी से अलग करने वाली साइलेंसर को निकलवाकर मॉडिफाइड साइलेंसर लगवाने वाले वाहन चालकों द्वारा शहर के गौरवपथ रोड, वीआईपी रोड, बसंतपुर रोड और कलेक्टोरेट से ईमाम चौक के बीच में काफी तेज गति से वाहन चलाते पटाखे की आवाज निकली जाती है।



**पुलिस चलाएगी अभियान :** मॉडिफाइड साइलेंसर, डिजाइनर नंबर प्लेट को लेकर सीएसपी पुष्पेंद्र नायक ने कहा कि यातायात विभाग द्वारा पटाखे की आवाज वाले साइलेंसर वाहन पर कार्रवाई की जाती है। वहीं शोरूम से जो गाड़ियां निकल रही है, उस पर मापदंड के अनुसार ही नंबर प्लेट आ रहा है, जो भी व्यक्ति डिजाइनर नंबर प्लेट या अलग तरह के नंबर प्लेट लगा रहे हैं, उन पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील करते कहा कि वैधानिक कार्रवाई से बचने के लिए निर्धारित फॉर्मेट का ही नंबर प्लेट लगवाएं।

### बदल रहे नंबर प्लेट का डिजाइन

नए नियमों के अनुसार दो पहिया-चार पहिया वाहन खरीदने के दौरान शोरूम से ही ऑनलाइन माध्यम से वाहन का रजिस्ट्रेशन किया जाता है। इस दौरान नंबर प्लेट भी मापदंड के अनुसार बनाकर दी जाती है, लेकिन कुछ वाहन चालकों द्वारा इस नंबर प्लेट को अपनी वाहन में न लगाकर मनमाफिक नंबर प्लेट बनवाएं। तेज रफ्तार बाइकर्स द्वारा सुबह-सुबह गठुला से चिखली रोड पर रेस भी लगाई जाती है। इस दौरान बाइक की रफ्तार काफी तेज रहती है। जिसके चलते कभी भी हादसे से हो सकते हैं।




## भाजपा, कांग्रेस पार्षद दल ने बैठक कर की तैयारी, बनी रणनीति

# महापौर मधु करेंगे आज निगम का बजट पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



महापौर मधुसूदन यादव कल 2 मई को नगर निगम का बजट प्रस्तुत करेंगे, दोपहर 12 बजे से निगम के टाऊनहाल में आयोजित होने वाले इस बजट बैठक को लेकर भाजपा एवं कांग्रेस पार्षद दल ने अलग अलग बैठक लेकर अपनी अपनी रणनीति तैयार की। विभिन्न मुददो पर कांग्रेस पार्षद दल के द्वारा सत्ता पक्ष को घेरने की भी आशंका जताई जा रही है।

नगर निगम के टाऊनहाल में कल दोपहर 12 बजे से आयोजित बैठक में महापौर मधुसूदन यादव अपने इस कार्यकाल के प्रथम बजट प्रस्तुत करेंगे। जिसे लेकर शहर के लोगो की भी पैनी नजर बनी हुई है, उम्मीद जताई जा रही है कि बजट में शहर विकास सहित मूलभूत सुविधाओं पर विशेष फोकस किया जायेगा वही शासन की योजनाओं को भी समाहित की जायेगी। उक्त बैठक में कांग्रेस पार्षद दल द्वारा विभिन्न विषयों पर सत्ता पक्ष का ध्यानाकर्षण कराने एवं मूलभूत सुविधाओं व विभिन्न मुददो पर सत्ता पक्ष को घेरने की रणनीती तैयार की गई है। बहरहाल बजट को लेकर शहर के आम लोगो की भी पैनी नजर बनी हुई है। इस बजट में शहर विकास को लेकर कई नए वादे भी किए जाएंगे। बताया गया कि सौंदर्यीकरण के साथ ही शहर में आर्थिक रुप से कमजोर युवाओं को व्यापार के लिए अवसर दिलाने के लिए भी कई प्रोजेक्ट इस बजट में शामिल किए जाएंगे। इसके अलावा पार्षदो ने भी कई सुझाव बजट को लेकर दिए थे, जिसमें से भी बेहतर सुझाव का चयन कर उसे बजट में शामिल किया गया है।




### कांग्रेस, भाजपा पार्षद दल की हुई बैठक, बनाई गई रणनीति

इधर बजट को लेकर नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने व्यापक तैयारियां की है। बजट बैठक को लेकर पार्षदों ने भी अपनी अपनी तैयारी कर रखी है। खास कर इस कार्यकाल में नए पार्षदों की संख्या अधिक है लिहाजा नए पार्षदों में भी बजट बैठक को लेकर उत्साह का वातावरण निर्मित है। बताया गया कि उक्त बैठक में सदन में अपना अपना पक्ष रखने की तैयारी के लिए आज कांग्रेस पार्षद दल एवं भाजपा पार्षद दल की भी अलग अलग बैठक हुई। कांग्रेस पार्षद दल के बैठक में नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के अलावा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की भी उपस्थिति रही जिन्होने पार्षदों को मार्ग दर्शन दिया। इधर भाजपा पार्षदों की बैठक महापौर मधुसूदन यादव की उपस्थिति मेंआयोजित हुई जिसमें नए पार्षदों को विशेष रूप से सदन में कार्यवाही को लेकर मार्गदर्शन दिया।

माय एंगल






## खबर संक्षेप

### शीतला भवन का भूमिपूजन



**छुरिया।** जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने ग्राम रियाटोला में छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण से स्वीकृत मां शीतला भवन का भूमिपूजन किया। इस भवन का निर्माण 6.50 लाख की लागत से होगा। भवन निर्माण होने से ग्राम वासियों को मंदिर का नया भवन मिलेगा। इस अवसर पर राजकुमार निषाद, सरपंच कमलेश सेवता, गुलाब साहू, ईश्वर कंवर, बैदराज भगत, बिरझू कंवर, रोहित साहू, डकवार वैष्णव, धर्मेंद्र कंवर, विनोद वैष्णव, साधुराम, कुंज कंवर, जीवनलाल, कृष्णा, दुखू पाल, राजकुमार पाल, किशन, संजय वैष्णव, पांचू कंवर, राम साहू, ईश्वर साहू, लखन साहू, बहरून पटेल, कुंवरसिंह आदि मौजूद थे।

### दो छात्र सीएसआईआर नेट में उत्तीर्ण




**डोंगरगांव।** डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय के छात्र दीपचंद वर्मा ने सीएसआईआर नेट दिसम्बर 2024 तथा मई 2025 में उत्तीर्ण किया। वही विनय कुमार ठाकुर ने मई 2025 उत्तीर्ण कर महाविद्यालय को गौरवांवित किया है।वनस्पति शास्त्र के विभागाध्यक्ष एमएल नायक ने बताया कि दोनों छात्र वन क्षेत्र के हैं। प्रारंभ से दोनों विद्यार्थी ने पढ़ाई तथा रिसर्च क्षेत्र में सतत प्रयासरत है। उन्होंने अथत मेहनत कर देश की कठिन परीक्षा नेट लाईफ साईंस उत्तीर्ण किया है। प्राचार्य तथा प्राध्यापकों ने दोनों विद्यार्थी को बधाई दिया है।

### हास्पिटल का निरीक्षण



**डोंगरगढ़।** स्वास्थ्य सुविधा का जायजा लेने के लिए जिला पंचायत की सभापति अनिता मंडावी ने समुदायिक अस्पताल पहुंचकर मरीजों से हालचाल पूछा। उन्होंने अस्पताल से मिलने वाली सुविधा और मेडीसिन के संबंध में जानकारी ली। उन्होने मौके पर स्वास्थ्य कर्मियों से मरीजों का प्राथमिकता के साथ उपचार करने कहा।

### शेक्सपीयर की मनाया जयंती



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में विलियम शेक्सपियर की 461 वीं जन्म वर्षगांठ प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष गुलशन सिन्हा के मार्गदर्शन में मनाई गई। मुख्य अतिथि अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ आरआर कोचे थे। डॉ कोचे ने शेक्सपियर को न सिर्फ इंग्लैंड के नाटककार बताया बल्कि दुनिया में जितनी भी भाषा है उसमें उनके नाटक एवं कविता का अनुवाद होने के कारण विश्व स्तरीय नाटककार एवं साहित्यकार बताया। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा ने शेक्सपियर की जीवनी पर प्रकाश डाला। हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ नीता राजपूत ने शेक्सपियर के जीवन से सीखने एवं अपने जीवन में आत्मसात करने पर जोर दिया। इस मौके पर धरम सिन्हा, योगेश वर्मा, आकांक्षा सहारे, विद्या वर्मा, अनिता सिन्हा, आइरीना जॉन, सोनिया पटेल, भूमिका निषाद आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन डॉ सपना परिहार एवं आभार प्रदर्शन अंजलि देवांगन ने किया।

### किसानों ने किया ठाकुर देवता की पूजा



**खुज्जी।** अंचल में अक्ती पर्व को परम्परा गत रूप से मनाया गया। इस अवसर पर किसानों ने ठाकुर देवता की विधिवत पूजा अर्चना कर परसा पान के दोना में धान भरकर अर्पण किया। इसी कड़ी में ग्राम में सरपंच अजय पंसारी, उपसरपंच चंद्रकांत यादव जनपद सदस्य रवि साहू, ग्राम पटेल ओंकार देवांगन, कोटवार हीरालाल रामटेके की उपस्थिति में ग्राम बैगा ने धान बोआई कटाई मिसाई आदि की कृत्रिम रस्म किया।

### पानी चोरी कर खेतों में सिंचाई, दो पंप जब्त



**अर्जुनी।** जल संकट के बीच नदी से पानी का अवैध दोहन कर खेतों में सिंचाई करने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पानी चोरी रोकने के लिए राजस्व सहित अन्य विभाग कार्रवाई करते हुए पम्प जप्त कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार 1 मई को कलेक्टर श्री भूरे के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत मोखली, ग्राम पंचायत कोटरासरार में राजस्व, पुलिस, विद्युत वितरण कम्पनी की संयुक्त टीम ने शिवनाथ नदी में लगे अवैध पंपो को जब्त किया। इससे पहले 1 अप्रैल को ग्राम सुखरी में शिवनाथ नदी में सिंचाई प्रयोजन हेतु लगे 2 नग अवैध पानी पंपों को जब्त किया गया है। कार्रवाई में नायब तहसीलदार झरना राजपूत, जेपी खूंटे आदि शामिल थे।

### पोट्ठ लईका पहल जिलेभर में लागू

**राजनांदगांव।** जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा कुपोषण मुक्ति के लिए 241 आंगनबाड़ियों में संचालित पोट्ठ लईका पहल अभियान के तहत चिन्हांकित कुल 3 हजार 413 कुपोषित बच्चों को सुपोषित किए जाने का लक्ष्य रखा गया था। पोट्ठ लईका पहल अभियान के सफल क्रियान्वयन से कुल 2136 कुपोषित बच्चे (62.58 प्रतिशत) सुपोषण की श्रेणी में आ चुके हैं।

## आरोपियों ने पांच लोगो को बनाया था शिकार

# नौकरी लगाने 37 लाख की ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में गंडई पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों पर पांच लोगों से लेबर इंस्पेक्टर, चपरासी और शिक्षक की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 37 लाख 67 हजार 900 रुपए ठगने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी संतोष देवांगन ने गत 27 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि वर्ष 2022 में संगठन के काम से रायपुर जाने के दौरान उसकी मुलाकात बिशेसर ध्रुव से हुई थी। बिशेसर ने मंत्रालय में अपनी पहचान बताकर नौकरी लगवाने का दावा किया और लेबर इंस्पेक्टर के लिए 20 लाख, चपरासी के लिए 8 लाख और शिक्षक के लिए 15 लाख की मांग की। प्रार्थी ने गंडई आकर अपने रिश्तेदार संजू देवांगन, विद्या देवांगन, त्रिलोक देवांगन और विवेक देवांगन से इस बारे में चर्चा की। सभी नौकरी करने सहमत हो गए। बिशेसर ध्रुव के लगातार भरोसे दिलाने पर पांचों लोगों ने 25 दिसंबर 2022 से 17 जून 2024 के बीच बिशेसर ध्रुव और उसके साथी भुवनेश देवांगन को कुल 37 लाख 67 हजार 900 रुपए दिए। संतोष देवांगन ने फोन पे के माध्यम से 7 लाख 67 हजार 900 रुपए बिशेसर के खाते में ट्रांसफर किए। जबकि विद्या देवांगन ने 1 लाख 50 हजार भुवनेश के खाते में भेजे। शेष रकम नकद गंडई, धमधा और रायपुर में आरोपियों को दिया।

#### छह माह बाद ठगी का भान

करीब छह महीने में नौकरी नहीं लगने पर पीड़ितों को ठगी का अहसास हुआ। उनके पैसा वापस मांगने पर बिशेसर ने टालमटोल करते हुए दो चेक दिए, जो बाउंस हो गए। भुवनेश देवांगन ने भी नौकरी का भरोसा दिलाया और दो लाख का चेक दिया। एक साल बाद पैसा वापस नहीं मिला तो संतोष देवांगन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया।

#### जुर्म कबूला

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देश पर गंडई पुलिस और साइबर सेल की टीम ने दबिश देकर रायपुर और बलौदा बाजार से दोनों आरोपी बिशेसर ध्रुव और भुवनेश देवांगन को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी भुवनेश देवांगन पहले से ही जिला बीजापुर के थाना भैरमगढ़ में नौकरी के नाम पर 38 लाख रुपये की ठगी के मामले में जमानत पर था जिसमें धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराएं भी जुड़ी हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना गंडई के निरीक्षक भीमसेन यादव और उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## माता-पिता परिवार के जीवित देवी-देवता : अशोक



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की महत्वपूर्ण नवीन सत्र के द्वितीय कार्यकारिणी की बैठक श्री अग्रवाल सेवा समिति न्यू खुर्सीपार के आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भगवान अग्रसेन की पूजा अर्चना से किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने की। बैठक में 250 प्रतिनिधि शामिल हुए।

स्वागत उद्बोधन में प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अग्रवाल ने कहा कि आज हम यहां लगभग 25 साल पुराने संगठन की भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करने और अब तक सफलतापूर्वक संचालित योजनाओं की समीक्षा करने एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता परिवार के जीवित देवी-देवता हैं, जब जीने से वे निराश हो जाए, समझो कि देवता आपसे रूठ गए, अब घर से खुशियों के जाने का समय आ गया है, इसलिए सेवा को अपना परम धर्म समझने वाले समाज के युवा साथियों से आह्वान करता हूं कि वह समाज सेवा के साथ-साथ माता-पिता की सेवा को अपना परम धर्म समझे। प्रांतीय महामंत्री संजय अग्रवाल ने कार्यकारिणी सभा का संचालन करते पिछली बैठक की कार्रवाई की सभासदों से पुष्टि कराई। महामंत्री ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक लोहिया एवं प्रांतीय प्रचार-प्रभारी लक्ष्मण लोहिया के अनुसार प्रांतीय सदस्यों को रायपुर एवं छत्तीसगढ़ के अनेक अस्पतालों में छूट का लाभ प्राप्त हो रहा है। मंगल परिणय आयोग की संयोजिका शोभा केडिया ने बताया कि अभी तक 716 सामान्य बच्चों एवं 150 विधवा-विधुर व्यक्तियों के विवाह संबंध इस ग्रुप के माध्यम से संपन्न हुए हैं। समाज द्वारा निःशुल्क 11 मंगल परिणय ग्रुप का संचालन किया जाता है। अग्र अलंकरण आयोग की संयोजिका डॉ. अनिता अग्रवाल ने आयोग के संदर्भ में विस्तृत रूपरेखा से अवगत कराया।

गौ सेवा, पशु पक्षी सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग के गोपाल सुल्तानिया एवं गूंजा सुल्तानिया ने गौधन की सेवा को पुण्य का कार्य बताया। अग्र पंचायत समिति के संदर्भ में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल ने कहा कि आपसी पारिवारिक विवाद, वैवाहिक विवाद, घरेलू समस्याएं न्यायालयों से नहीं सुलझाई जा सकती है।

## हथकरघा उद्योग का निरीक्षण कलेक्टर ने दिए जरूरी निर्देश



**छुईखदान।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने हथकरघा उद्योग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उद्योग में चल रही गतिविधियों, उत्पादों की बिक्री व्यवस्था और सुविधाओं की जानकारी हासिल की। वही उन्होंने महत्वपूर्ण विषयों पर सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने हथकरघा समिति के सदस्यों से चर्चा की। उनके द्वारा विक्रय किए जा रहे वस्त्रों का भी मुआयना किया। वही उद्योग की स्थिति, गतिविधियों और उत्पादों की बिक्री व्यवस्था से अवगत हुए। निर्धाणाधीन हथकरघा भवन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधीन भवन को जल्द पूरा कराने के अलावा परिसर को सुव्यवस्थित बनाना और सुविधाओं में वृद्धि करने के साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगों को हथकरघा उद्योग से जोड़ने को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अनुविभगीय अधिकारी अविनाश ठाकुर, तहसीलदार मोक्षदा देवांगन सहित हथकरघा समिति के सदस्य मौजूद थे।

## पंडरिया में दिखा हिरन, युवक ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



पंडरिया में एक मई की सुबह तीन साल का हिरन जंगल से भटककर पहुंच गया, जिसे एक ग्रामीण ने कुत्तों का शिकार बनने से बचाया। पंडरिया निवासी शैलेन्द्र दुबे और अन्य लोगों ने एक मई की सुबह करीब 9 बजे तालाब के पास एक हिरन देखा। डरा हुआ हिरन इधर-उधर भाग रहा था। ग्रामीणों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वह भागकर वार्ड तीन में घुसने के बाद वार्ड चार पहुंच गया। यहां पंडरिया के युवक नितेश नेताम ने हिम्मत दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। इस कोशिश में नितेश को मामूली चोटें भी आईं, लेकिन उसने हिरन को सुरक्षित पकड़ लिया। पकड़ने के बाद हिरन को नगर पंचायत अध्यक्ष युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो के बाड़े में ले जाया गया और इसकी सूचना नगर अध्यक्ष को दी गई। नगर अध्यक्ष ने तत्काल वन विभाग के रेंजर संजीत मरकाम को जानकारी दी। वन विभाग की टीम ने हिरन को अपने कब्जे में लेकर जांच करवाया और सुरक्षित स्थान पर ले जाकर छोड़ दिया गया। पंडरिया के राजा बाड़ा में हिरन होने की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोग उसे देखने उमड़ पड़े, जिन्हें समझा-बुझाकर दूर किया गया। वन विभाग के एसडीओ अमृत लाल खुटे ने बताया कि युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो से हिरन की सूचना मिली थी, जिसे सुरक्षित वन विभाग लाया गया। हिरन लगभग तीन साल का है और उसके सिर पर सिंग निकलने लगे हैं, जिससे वह वयस्क प्रतीत होता है। मेडिकल जांच के बाद उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया जाएगा।

## स्कूलों में जारी हुए सालाना परीक्षा के नतीजे

# परिणाम घोषित, सफल बच्चों का सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक परीक्षाओं का परिणाम ऋचा सोनी, चित्ररेखा मेश्राम, नीरज सोनी एवं डॉ. शारदा गुप्ता की उपस्थिति में किया गया। विभिन्न कक्षाओं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य जितेन्द्र कुमार वैष्णव ने परिणाम घोषित किया। कक्षा नर्सरी में प्रियांशी साहू प्रथम, वाणी सोमकुंवर द्वितीय, ख्वाइश साहू तृतीय, कक्षा अरूण में लियाना मेश्राम प्रथम, सोनाक्षी सेन द्वितीय, पूर्वांशी साहू तृतीय, कक्षा उदय में गाम्या भोयर प्रथम, लकी वर्मा द्वितीय, इशिका उके तृतीय, कक्षा प्रथम में जान्हवी साहू प्रथम, यामिनी पटेल द्वितीय, गेयाशं साहू तृतीय, कक्षा द्वितीय में राहुल साहू प्रथम, कोमलसिंग द्वितीय, हर्षवर्धन सोनी तृतीय, कक्षा तृतीय में विभा देवांगन प्रथम, रणवीर सोनी द्वितीय, लक्ष निर्मलकर तृतीय, कक्षा चतुर्थ में भावेश कुमार प्रथम, डमेन्द्र सेन द्वितीय तथा वर्षा साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस प्रकार पूर्व माध्यमिक की कक्षा षष्ठ में आयुषी चौरे प्रथम, बरखा साहू द्वितीय, रिषभ कुमार तृतीय, कक्षा सप्तम में रियांश मंडावी प्रथम, अदिति मंडलोई द्वितीय, रिया उके तृतीय, नवम् में कृतज्ञ दुबे प्रथम, ट्विंकल पटेल द्वितीय, रोहित पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हायर सेकेंडरी की कक्षा एकादश सांइस संकाय में हिना देवांगन प्रथम, श्रुति रामटेके द्वितीय, श्रुतिरानी चतुर्वेदी तृतीय, कृषि विज्ञान संकाय में रोहित धनकर प्रथम, गौरव साहू द्वितीय, साकेत साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी सफल बच्चों को प्राचार्य जितेन्द्र वैष्णव, हृदयराम पटेल, युगल किशोर सिंह ठाकुर सहित आचार्य एवं दीदियों ने बधाई दी है।

**सहसपुर दल्ली।** शासकीय प्राथमिक शाला सहसपुरदल्ली का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 5वी में कल्पना वर्मा प्रथम, डुमेश्वरी सिन्हा द्वितीय रही। परीक्षा में 19 परीक्षार्थी शामिल होकर उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार कक्षा 4 थीं में पुष्पा मंडावी प्रथम, हर्षदीप द्वितीय, कक्षा 3री में गणिका प्रथम, विशाल द्वितीय, कक्षा 2 री में विनीता प्रथम, महेक द्वितीय, कक्षा 1लीं में पियांशु प्रथम एवं झरना द्वितीय रही। सभी उत्तीर्ण बच्चों को प्रधानपाठक जितेन्द्र हिरवानी, शबनम खान, मो इकबाल खान ने बधाई दी है।

#### परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**अंबागढ़ चौकी।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय माहुद मचान्दुर में परीक्षा परिणाम की घोषणा बुधवार को जामन साहू, पीलाराम साहू, गणेशराम रावटे, नवीन गायकवाड़, रीना मेश्राम, लखनदास सार्वा, अंगदराम मानकर, प्रेणम वर्मा, पवन सोरी आदि की उपस्थिति में किया गया। प्रधान पाठक अशोक साहू ने कक्षा 6वीं एवं 7 वीं के परिणाम घोषित किया। कक्षा 6वीं में प्रथम मोना निषाद, द्वितीय यश गोड़बोले, तृतीय रितेश कुमार, कक्षा 7वीं में प्रथम निमिशा भुआर्य, द्वितीय माधुरी रावटे तथा तृतीय स्थान पर अंजू चन्द्रवंशी रही।

#### पांचवीं में पूर्णिमा प्रथम

**मुसरा।** प्राथमिक शाला विष्णुपुर में रिजल्ट घोषित किया गया। मुख्य अतिथि उप सरपंच भागवत वर्मा थे। अध्यक्षता प्राचार्य राजकुमार चंद्रवंशी ने की। परिणाम की घोषणा के पश्चात शाला में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विघार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उप सरपंच भागवत वर्मा ने सफल विद्यार्थीयों को शुभकामनाएं दी। कक्षा पांचवीं में 94 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर पुर्णीमा साहू पिता देवेश्वर साहू रही। 92 प्रतिशत अंकों के साथ प्रियंका कोर्रामा पिता अशोक कोर्राम द्वितीय तथा 88 प्रतिशत अंकों के साथ कौशिल्या वर्मा पिता कुलेश्वर वर्मा, शिवा ठाकुर पिता नरेश ठाकुर तृतीय स्थान पर रहे। 85 प्रतिशत अंकों के साथ जैविद गहरवार पिता मोरध्वज गहरवार चतुर्थ स्थान पर रहे।

### सेवानिवृत्त व्याख्याता का सम्मान

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेन्दरीबन नवागाँव में पदस्थ व्याख्याता आर यदु के सेवानिवृत्त होने पर शाला एवं संकुल परिवार ने विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि जीआर यदु थे। अध्यक्षता निमिषा भुआर्य प्राचार्य ने की। विशेष अतिथि सरपंच ईश्वर ठाकुर, एचएल हिरवानी, आरएल ध्रुव, धनसिंह वासनिक, बालाराम करसेल, वासनिक, ढालसिंह हिरवानी, रैनू राम साहू, तेजराम साहू, मिनहाज खान, डिलेश मार्गिया, ईश्वाना पटेल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन और माँ सरस्वती की पूजा अर्चना से हुआ। चेतन साहू ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। अतिथियों ने यदु के कार्यो का प्रशंसा करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं चिरायु जीवन की मंगल कामना की। अंत में विरेंद्र कुमार देहारी ने आभार व्यक्त किया। संचालन चंद्रभूषण साहू ने किया।





## खबर संक्षेप

### बुचीभरदा स्कूल में केशरी साहू पांचवीं में अव्वल

**बुचीभरदा।** राजनांदगांव विकासखंड के सुरगी संकुल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बुचीभरदा का सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष उत्तम सिंह कलिहारी के मुख्य आतिथ्य एवं उपाध्यक्ष चुनूराम साहू के विशिष्ट आतिथ्य में प्रधान पाठक राकेश सोनी के द्वारा घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा। कक्षा पांचवीं में प्रथम केशरी साहू, द्वितीय रूही पंचभावे, तृतीय वीरा साहू। कक्षा चौथी में प्रथम भाविका साहू, द्वितीय एकता साहू, तृतीय प्रियंका साहू। कक्षा तीसरी में प्रथम भूपेश कुमार साहू, द्वितीय यमन कुमार निषाद, तृतीय चंद्रप्रभा साहू। कक्षा दूसरी में प्रथम जानवी निषाद, द्वितीय देवेंद्र साहू, तृतीय लक्ष्य कुमार एवं कक्षा पहिली में प्रथम तुशिका साहू, द्वितीय दामिनी निषाद, तृतीय हिमांशु कुमार साहू रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तम सिंह कलिहारी ने छात्र-छात्राओं को बधाई शुभकामनाएँ देते हुए कठिन परिश्रम करने और अनुशासन में रहकर अपना, विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन करने को कहा। इस अवसर पर प्रधान पाठक प्राथमिक राकेश सोनी, माध्यमिक प्रधान पाठक विभूति ठाकुर सहित शिक्षकगण, एसएमसी अध्यक्ष उत्तम सिंह कलिहारी, उपाध्यक्ष चुनूराम साहू, धर्मेन्द्र साहू, परमिला साहू एवं छात्र- त्राएं उपस्थित थे।



### पानी बचाने सोख्ता गड्ढा, डबरी निर्माण करें

**राजनांदगांव।** पानी बचाने सभी को आगे आना होगा, तभी पानी की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। पानी बचाने निकासी स्थान पर सोख्ता गड्ढा बनाए, जहां पर नाला है, जो बरसात में मिट्टी काटते मिट्टी को नष्ट करती है, उसके साथ ही हमारी पानी बहते हुए नदी में चले जाते हैं। जिसका उपयोग नहीं कर पाते हैं, पर्याप्त मात्रा में बरसात होने के बावजूद रबी में बोये धान को काफी नुकसान हुआ है। एक एकड़ धान के खेती के बदले 3 एकड़ मक्का एवं अन्य फसल ली जा सकती है। आज प्रतिदिन लगने वाले पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ती है, उक्त बातें बुधवार को आयोजित हरियाली बहिनी नीर और नारी जल यात्रा ग्राम रेंगाकठेरा एवं बरगाही में पद्मश्री फुलबासन यादव ने कही। श्रीमती यादव ने बताया कि जल यात्रा करने का उद्देश्य लोगों को जल के लिए जागरूक करना है। गर्मी में अभी भी कुछ जगहों पर पानी बहते देखा गया है। यह कार्यक्रम लगातार लोगों को जागरूक करने किया जा रहा है। हर गांव में सोख्ता गड्ढा, नाला बंधान, डबरी निर्माण अधिक से अधिक हो, इसके लिए हरियाली बहिनी एवं जिला प्रशासन निरंतर लगी हुई है। इस दौरान हरियाली बहिनी अगसिया साहू एवं जनिया साहू ने भी संबोधित करते कहा कि जिस प्रकार से हम धन को बचाते है, वैसे ही पानी को बचाना होगा। इस दौरान ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, मां बम्लेश्वरी समूह, बिहान समूह, ग्राम संगठन, बिहान कैडर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



## अचानक बदले मौसम के तेवर से जन जीवन अस्त व्यस्त

# तेज हवा से पेड़ गिरे, बिजली के तार टूटे, गुल रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई में अपरान्हे लगभग 3.30 बजे मौसम ने अचानक करवट बदला और तेज हवा चलने से लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो गए। आसमान में अचानक काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज हवाएं चलने लगी। हवा इतनी तेज थी कि धूल, कचरा और अन्य चीजें चारों ओर उड़ने लगीं। तेज हवा से अनहोनी की आशंका को देखते हुए नगरवासियों ने घरों की खिड़की-दरवाजे बंद कर लिए और स्वयं भीतर हो गए।

गौरतलब है कि तेज हवा के कारण अक्सर घरों की टीन और अन्य खतरनाक सामान उड़कर लोगों को चोटिल कर देते हैं, जिससे कई बार जान का खतरा पैदा हो जाता है इस कारण एहतियात बरतते हुए नगरवासी तेज हवाओं के थमने का इंतजार करते रहे। तेज हवाओ के चलते पोस्ट आफिस के पास ए मार्किट एवं अन्य जगहों पर पेड़ गिर गए जिससे बिजली के तार टूट गए। सड़क पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। बिजली की तार को जोड़ने में विभाग को काफी मशक्कत करना पडा। इस बीच मौसम ने रूख बदला और तेज हवा के साथ पानी की बौछार शुरू हो गई, जिससे वातावरण खुशनुमा हो गया। लगभग एक घंटे से अधिक समय तक मौसम खराब रहने के बाद स्थिति सामान्य हो गई।



**बारिश से तापमान गिरा**

सड़क अतरिया। तेज गर्मी के बीच बीते दो दिन से मौसम में बदलाव के चलते लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। गुरूवार शाम को मौसम में फिर बदलाव देखने मिला। तकरीबन साढ़े 4 बजे आकाश में काले बादल छा गए तथा आंधी तूफान चलने लगा। तेज हवा से कुछ वृक्ष धाराशाही हो गए। कुछ दुकान और घर में लगा टीन शेड उड़ गया। आंधी के साथ ही कुछ देर तक बारिश होते रही। मौसम के बदलाव के बाद तापमान में कमी आई है।

## हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत गोटाटोला में जिला स्तरीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणजनों को पंचायती राज के संबंध में जानकारी दी गई। पंचायतों को मिले अधिकार, स्थानीय स्तर पर क्रियान्वयन पर चर्चा किया गया।

■ ग्रामीणों को पंचायती राज के संबंध में दी गई जानकारी

बताया गया कि लोकतंत्र में पंचायतों को अनेक अधिकार समाहित किया गया। पंचायत राज अधिनियम लोकतंत्र की सबसे छोटी इकाई है। ग्रामीण स्तर पर पंचायत का गठन एवं मूलभूत सुविधाएं पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ किया गया। इससे ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की सेवा लेने का सुगम अवसर मिलेगा। इस अवसर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ग्रामीणजनों को लाभान्वित किया गया। राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, महतारी वंदन योजना से लाभान्वित किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने ग्रामीणों से चर्चा कर विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने प्रोत्साहित की। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा ग्रामीणों के हितार्थ अनेक योजनाए संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में पात्रता होने के बाद भी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में संबंधित विभाग से संपर्क कर योजनाओं का लाभ लेने एवं अपना जीवन स्तर में परिवर्तन लाने प्रेरित की।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर, जनपद पंचायत मोहला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केशवरी देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## 64 हितग्राहियों को पट्टा वितरण

**राजनांदगांव।** जिले के छुरिया तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत रंगीटोला में स्वामित्व योजना अंतर्गत 64 हितग्राहियों को पट्टा वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद पंचायत अध्यक्ष छुरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने पट्टा मिलने पर हितग्राहियों को शुभकामनाएं दी।

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सरपंच, पंच, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## आवास के बदले सिर्फ भारी भरकम कर्ज गरीबों के हाथ में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में लाखों पीएम आवास की स्वीकृति का श्रेय प्रदेश सरकार ले रही है। इन पीएम आवास स्वीकृति के प्रचार में करोड़ों रुपए फूंके जा रहे हैं, लेकिन आवास योजना की राशि रत्तीभर भी नहीं बढ़ी। ऐसे में पीएम आवास योजना गरीबों को कर्ज की गहरी खाई में धकेलने का काम कर रही है। श्री यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गरीबों को पीएम आवास बनाने 1 लाख 20 हजार सरकार दे रही है। साथ ही नरेगा से 21 हजार रुपए भुगतान किया जा रहा है। इस तरह से हितग्राही को कुल एक लाख 42 हजार पीएम आवास बनाने दिया जा रहा है। पीएम आवास ग्रामीण की राशि में पिछले दस वर्षों से वृद्धि नहीं हुआ है। जबकि निकाय क्षेत्र में कई दफ्फ राशि में इजाफा किया गया है। इसके विपरीत पिछले दस वर्षों में बिल्डिंग मटेरियल का भाव आसमान छू रहा है।

### कर्ज में डूब रहे हितग्राही

उन्होंने कहा कि अमीरों की तर्ज पर घर बनाने के चक्कर में कर्ज में डूब रहे हितग्राही पीएम आवास के लिए दी जाने वाली राशि के अनुरूप मकान निर्माण नहीं कर हितग्राही अपने हिसाब से संपन्न लोगों का नकल कर घर बनाने के चक्कर में कर्ज के दलदल में हितग्राही धंस रहा है, परन्तु इसके अलावा कोई चारा भी तो नहीं। पुराने मकान में पूरा संयुक्त परिवार एक साथ रहता था। आवास स्वीकृत होने पर पूरा घर तोड़ना पड़ा। अब वह घर एक लाख 40 हजार में बनने से तो रहा, नतीजन हितग्राही मोटा कर्ज कर या जमीन बेचकर मकान बनाने मजबूर हैं। कर्ज कर मकान नहीं बनाएगा तो सड़कों पर तंबू में रहने के अलावा कोई दूसरा चारा भी तो नहीं। पीएम आवास हितग्राही शहरी और ग्रामीण के भेदभाव में पीस रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में 1.40 लाख रुपए पीएम आवास निर्माण के लिए प्रदान किए जा रहे हैं। वहीं शहरी क्षेत्र में 2.80 लाख रुपए हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए दिए जा रहे हैं। अब ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र में प्रदाय की जाने वाली राशि शहर से आधा है। जबकि दोनों हितग्राहियों को एक ही भाव में बिल्डिंग मटेरियल खरीदना है। श्री यादव ने कहा कि आवास की राशि को 3 लाख तक बढ़ाए सरकार, ताकि गरीब परिवार आसानी से अपना सपनों का घर बना सके, उसे कर्ज लेना नहीं पड़ेगा।

## जागते रहो भारत यात्रा सोमनी पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जन सहयोग आधारित 100 दिवसीय महिला अपराध मुक्ति अभियान जागते रहो भारत यात्रा 8 मार्च 2025 को माउंट आबू से आरंभ होकर महाराष्ट्र होते हुए राजनांदगांव जिले के ग्राम सोमनी पहुंची। ग्रामवासियों द्वारा जागते रहो भारत यात्रा के साथियों का शाल, श्रीफल एवं फूलमाला से स्वागत किया।

सक्रिय ग्रामीण विकास मंडल हरियाणा के वर्तमान अध्यक्ष, सुब्बाराव शिक्षा संस्कारशाला के संस्थापक और गांधियन सोसायटी इंडिया से जुड़े राजेन्द्र कुमार ने कहा कि हम इक्कीसवीं सदी की सभ्य दुनिया के सभ्य लोग हैं।

मानव सभ्यता का आधार परस्पर प्रेम, विश्वास, सम्मान और समानता के मूल सिद्धांतों पर टिका होना चाहिए, लेकिन विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भौतिक विकास के क्षेत्र में आशा अनुरूप वृद्धि के साथ मानव मूल्यों में उसी गति से पतन हम सबकी चिंता और चिंतन का विषय है।



**ग्रामवासियों का सौभाग्य**

जागते रहो भारत यात्रा की सहयोगी संस्था जनकल्याण सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप सिंह ने यात्रा की प्रशंसा करते कहा कि हम ग्रामवासियों का सौभाग्य है कि इतने बड़े उद्देश्य के निकली यात्रा के साथियों राजेन्द्र कुमार हरियाणा, जम्मू बहन गुजरात, विक्रम सिंह राजस्थान का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम सोमनी ग्राम पंचायत में सरपंच नीलिमा साहू एवं उपसरपंच विजय सिंह राजपूत की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में समाजसेवी सोमेश जैन, सेवानिवृत्त व्याख्याता टीएल चंद्राकर, अमर सिंह, पूर्व सरपंच संतोष यादव, पूर्व उपसरपंच गजेन्द्र बंजारे उपस्थित थे।

## श्री देवआनंद जैन स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**राजनांदगांव।** श्री देवआनंद जैन शिक्षण संघ द्वारा संचालित संस्कार शाला श्री देव आनंद जैन शिक्षा मंदिर परिसर में 29 अप्रैल को स्थानीय कक्षाओं के वार्षिक परीक्षा के परिणामों की घोषणा की गई। सभी कक्षाओं का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। कक्षा पहली से सर्वेश सिन्हा प्रथम, मनन उइके द्वितीय व संधना यादव तृतीय रहे। कक्षा दूसरी से रोशनी खरोल प्रथम, तमन्ना मेश्राम द्वितीय, कक्षा तीसरी से कुमुद देवांगन प्रथम व नंदकुमार साहू द्वितीय, कक्षा चौथी से रूद्र उइके प्रथम, पीयूष कुमार साहू द्वितीय एवं भावेश कुमार तृतीय, कक्षा पांचवी से आरोही रामटेके प्रथम, हेमचंद वर्मा द्वितीय व पूरब रजक ने तृतीय स्थान ग्रहण किया है। कक्षा 6वीं से प्रथम किशन कुमार साहू, द्वितीय पुष्पेन्द्र साहू व तृतीय वंदना साहू रही। कक्षा 7वीं से हिमानी वर्मा प्रथम, नेहा देवांगन द्वितीय व चित्रलेखा तारम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 8वीं से प्रथम साक्षी कंवर, द्वितीय मानसी देवांगन व तृतीय हिमानी धृतलहरे रही। कक्षा 9वीं से किरण साहू प्रथम व कामिनी राजपूत द्वितीय रही। कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय से टुमेश कुमार साहू प्रथम व ईश्वरी सिन्हा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 11वीं कामर्स संकाय से सीता महतो प्रथम, तृप्ति यादव द्वितीय व विनिता दास तृतीय और 11वीं कृषि संकाय से प्रथम ओजस्व वैष्णव, द्वितीय योगेन्द्र साहू एवं तृतीय आदित्य ठाकुर रहे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अमित शुक्ला ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए और भी अधिक अंक लाने प्रेरित किया। शाला के शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते आशीर्वाद दिया।

## कलेक्टर ने कृषि महाविद्यालय में शिक्षा गुणवत्ता का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बुधवार को रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र छुईखदान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में चल रही गतिविधियों और शिक्षा की गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने महाविद्यालय परिसर में विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया जिसमें प्रयोगशाला, पुस्तकालय और कक्षाएं शामिल हैं। इसके अलावा कलेक्टर ने प्राचार्य से छात्रों को दी जाने वाली शिक्षा की जानकारी ली। महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की संख्या के संबंध में भी चर्चा की। महाविद्यालय में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों की जानकारी हासिल किया। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने कृषि महाविद्यालय संस्थान द्वारा तैयार किए गए बंगला पान नर्सरी का भी अवलोकन किया और किस्म एवं उत्पादन संबंधी पहलुओं पर चर्चा की। कलेक्टर ने कृषि महाविद्यालय के माध्यम से किसानों को दी जा रही सलाह और सेवाओं की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने कृषि महाविद्यालय को बेहतर बनाने और किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अनुविभागीय अधिकारी अविनाश ठाकुर, तहसीलदार मोक्षदा देवांगन सहित अन्य मौजदू थे।



## श्रद्धालुओं ने गंगा की आरती कर सुख समृद्धि की कामना की

# जल संरक्षण का संदेश देने छत्तीसगढ़ी वाद्य यंत्रों संग संगीतमय शिवगंगा महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मोहारा स्थित शिवनाथ नदी तट पर आयोजित होने वाली शिवगंगा महाआरती का आयोजन संध्या प्रदोष तिथि पर किया गया। शिवगंगा महाआरती में शामिल होकर श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ और मां गंगा की आरती करते अपने परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं नदियों में जल बरकरार रहने प्रार्थना करते नदियों के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया। साथ ही देश में सुख-शांति के लिए प्रार्थना की गई।

शिवगंगा महाआरती में शामिल होकर श्रद्धालुओं ने कर्णप्रिय छत्तीसगढ़ी वाद्य यंत्रों की धुन में पहले भगवान भोलेनाथ की आरती की और इसके बाद मां गंगा की आरती करते वर्तमान समय में जारी भीषण जल संकट की स्थिति को देखते हुए विशेष प्रार्थना की।

**हम हो जाएं सचेत!**

शिवगंगा महाआरती के संस्थापक वरिष्ठ पत्रकार आलोक शर्मा ने कहा कि शिवगंगा महाआरती का उद्देश्य लोगों में विलुप्त होती नदियों के प्रति संरक्षण और संवर्धन की भावना जागृत करना है। उन्होंने कहा कि आज नदियों के संरक्षण-संवर्धन के अभाव में नदियां विलुप्त होती जा रही है।



**छत्तीसगढ़ी वाद्ययंत्रों की धुन पर महाआरती**

शिव गंगा महाआरती में छत्तीसगढ़ी वाद्य यंत्रों के समधुर धुन का संगत देने वाले मशहूर संगीतकार दिनेश साहू ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि भगवान शिव और मां गंगा की महाआरती में योगदान दे रहे हैं। हम सभी को पानी को सहेजकर रखना ही होगा।

**जल बचाएं-कल बचाएं**

शिवगंगा महा आरती के आयोजन में मोहरा, सिंगदई सहित आसपास के ग्रामीण वार्डों से लोग शामिल हुए और पूजा-अर्चना करते सभी से जल संरक्षण व संवर्धन करने की अपील की।

**प्रदोष पर धार्मिक महत्व**

शिवगंगा महाआरती संपन्न करने वाले पं. अनिल तिवारी ने कहा कि बैशाख कृष्णपक्ष के प्रदोष में शिवगंगा महाआरती के आयोजन से लोगों को आध्यात्मिक सुख की अनुभूति हुई है। इस महाआरती के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश भी लोगों तक आसानी से पहुंचता है। उन्होंने कहा कि प्रदोष तिथि पर भगवान शिव की आरती करने से परिवार में सुख-समृद्धि आती है।

## कॉलेज में अतिथि व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय के शिक्षा विभाग में एल्युमिनी छात्रा हनी टोंक ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्रों के अनुभव एवं कौशल तथा प्रशिक्षण का लाभ वर्तमान छात्रों को मिले, इस उद्देश्य से भूतपूर्व छात्रों का अतिथि व्याख्यान महाविद्यालय में कराया गया। व्याख्यान में बुद्धि की विशेषताएं विषय पर विस्तार से चर्चा करते इसकी विशेषता जन्मजात शक्ति अमूर्त चिंतन अनुभव का लाभ और समायोजन क्षमता के बारे में चर्चा किया गया। आगे बुद्धि के विकास जिसमें जन्मपूर्ण अवस्था, शैशवावस्था, पूर्व-बाल्यावस्था, उत्तर-बाल्यावस्था की 16 अवस्थाओं पर अपनी बात रखी। व्याख्यान के दौरान प्रीति इंदौरकर विभागध्यक्ष शिक्षा विभाग एवं प्रो. विजय मानिकपुरी द्वारा व्याख्यान करने के लिए उपस्थित हनी टोंक का स्वागत एवं उन्हें वेस्ट से बेस्ट पदार्थो से बनी स्वागत सामग्री भेंट की। इस व्याख्यान में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।




**विस्तार से समझाया**

अतिथि व्याख्याता ने आगे बुद्धि के विकास को प्रभावित करने वाले कारक जिसमें वंशानुक्रम, वातावरण, परिवार की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति महत्वपूर्ण बताई। मूर्ति एवं अमूर्त बुद्धि, सामाजिक बुद्धि के बारे में पढ़ाया गया और विस्तार से समझाया गया। व्याख्यान में विद्यार्थियों द्वारा प्रश्नों के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान किया गया। आयोजन को प्रारंभ करते प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि एल्युमिनी एसोसिएशन के भूतपूर्व विद्यार्थियों द्वारा व्याख्यान करने से छात्रों में समन्वय स्थापित होता है। हम उनके अनुभव से नया कुछ सीखते हैं। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि कॉलेज से पढ़कर निकले हुए विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन सेमिनार आदि करवाएं जाते हैं। जिससे छात्रों को उनके अध्ययन के साथ अन्य क्षेत्रों का लाभ भी मिल जाता है। इस प्रकार से यह आयोजन एल्युमिनी एसोसिएशन के पूर्व छात्रों के लिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि एक उन्हें अपने गुजरे हुए दिन को याद करने का अवसर मिल जाता है और दूसरा नए छात्रों को उनका मार्गदर्शन।

## सार समाचार



राजनांदगांव। अक्षय तृतीया के मौके पर बच्चों ने रचाया गुड्डे-गुड़िया का विवाह।

### 4 हजार गिलास मठ्ठा वितरण



**राजनांदगांव।** अक्षय तृतीया अवसर पर बुधवार को महिला मंडल दादी झंकार महिला मंडल एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय भदौरिया चौक में शीतल मठ्ठा वितरण किया। महिला संगठन के अनुसार अनेक स्वयंसेवी महिलाओं द्वारा पिछले लगभग 12 वर्षों से प्रतिवर्ष अक्षय तृतीया अवसर पर भीषण गर्मी को देखते हुए सड़क में चलते राहगीरों को शीतलता प्रदान करने शीतल पेय के रूप में सुपाच्य मठ्ठा का वितरण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में अक्षय तृतीया के दिन भदौरिया चौक में लगभग 150 लीटर दही से निर्मित 600 लीटर मठ्ठा के 4000 गिलास मठ्ठा का वितरण किया गया। सड़क में चलने वाले राहगीर रुककर स्वादिष्ट शीतल मठ्ठा का आनंद लेते देखे गए एवं महिला संगठन की तारीफ करते रहे।

### जल संवर्धन करने श्रमदान से किया बोरी बंधान



**राजनांदगांव।** जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम बागद्वार में जल संवर्धन के लिए नाला में बोरी बंधान, जल संगोष्ठी एवं स्वच्छता तिहार का आयोजन किया गया। ग्रामीणों द्वारा स्वच्छता तिहार अंतर्गत अभियान चलाकर ग्राम के सार्वजनिक स्थलों, तालाबों साफ-सफाई की गई। साथ ही ग्रामीणों एवं महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों द्वारा रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और सभी ने स्वच्छता शपथ ली। बारिश के पानी को सहेजने, भू-जलस्तर को सुधारने एवं जल संरक्षण के लिए गांव में बहने वाली बरसाती नाले में ग्रामीणों ने श्रमदान कर बोरी बंधान किया। नाला बंधान के बाद जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में प्राकृतिक जल स्त्रोतों की सुरक्षा करने, घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने, सोख्ता बनाने के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य भेषबाई साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत होरीलाल साहू, सहायक विकास विस्तार अधिकारी हुमेश भंडारी सहित ग्राम पंचायत बागद्वार के सरपंच व पंच, जनपद छुरिया के अधिकारी व कर्मचारी सहित स्वच्छता दीदी, बिहान केडर की दीदीयां, ग्राम पटेल, कोटवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए।

### भोथीपारखुर्द व सुरगी में आवासों का किया निरीक्षण



**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह द्वारा शनिवार को ग्राम भोथीपारखुर्द एवं सुरगी में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2024-25 के फेस 1 व 2 में स्वीकृत हितग्राहियों के निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने हितग्राहियों को आवास निर्माण, मजदूरी भुगतान, सेंटरिंग प्लेट्स एवं निर्माण सामग्री की उपलब्धता के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया तथा आवास निर्माण में प्रगति लाने व शीघ्र आवास निर्माण पूर्ण कराने प्रोत्साहित किया। उन्होंने अधिकारियों को आवास निर्माण के लिए हितग्राहियों का आवश्यक सहयोग एवं समय पर भुगतान सुनिश्चित करने निर्देशित किया। इस दौरान जिला समन्वयक, विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक आवास, आवास नोडल, ग्राम सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने ली नोडल प्राचार्यों की बैठक

**राजनांदगांव।** जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल द्वारा निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) के तहत नोडल प्राचार्यों से सत्र 2025-26 में आरटीई के प्राप्त आवेदनों की समीक्षा बैठक ली गई।

जिला शिक्षा अधिकारी ने आरटीई के तहत प्राप्त आवेदनों एवं दस्तावजों का परीक्षण एवं जांच नियमानुसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों व पालकों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों व दस्तावेजों का उनके मूल दस्तावेज से मिलान कर पात्र व अपात्र की श्रेणी में ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सत्यापित करने तथा पालकों द्वारा प्रस्तुत किरायेनामा का दस्तावेजों का व्यक्तिगत रूप से स्थल परीक्षण व जांच कर सत्यापित करने निर्देशित किया गया। नोडल अधिकारी द्वारा गलत परीक्षण किए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई।

### कलेक्टर ने किया निरीक्षण, साफ-सफाई, पानी, सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश

# सोमवार को खुलेगी मंडीप खोल गुफा तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के कलेक्टर श्री इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने छुईखदान विकासखंड के ग्राम ठाकुरटोला के घने जंगलों में स्थित ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मंडीप खोल गुफा का स्थल निरीक्षण किया। अक्षय तृतीया के बाद पहले सोमवार को गुफा के दर्शनार्थियों के लिए खुलने से पहले, कलेक्टर ने व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह दौरा किया।

कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने गुफा में प्रवेश कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को साफ-सफाई, सुरक्षा, मार्ग व्यवस्था और पर्यटकों की सुविधाओं हेतु व्यापक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायत छुईखदान के सीईओ श्री रवि को मार्ग की साफ-सफाई और अन्य जरूरी तैयारियाँ समय रहते पूर्ण करने को कहा। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री अविनाश ठाकुर को गुफा के प्रवेश द्वार पर चेतावनी बोर्ड और गेट लगाने के निर्देश दिए गए ताकि श्रद्धालु सावधानीपूर्वक प्रवेश कर सकें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मेला स्थल पर कैंप लगाने के निर्देश भी दिए ताकि श्रद्धालुओं को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। साथ ही स्थानीय युवाओं को गुफा दिखाने गाइड के रूप में रखने पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने कहा कि जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। ऐतिहासिक धरोहरों और प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण इस क्षेत्र को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री प्रेम कुमार पटेल, वन एवं पुलिस विभाग अधिकारी कर्मचारी



#### विभाग को सौंपी जिम्मेदारी

गुफा खुलने पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को ध्यान में रखते हुए, कलेक्टर ने पुलिस विभाग को भीड़ नियंत्रण की जिम्मेदारी सौंपी। साथ ही वन विभाग को गुफा के भीतर बैरिकेडिंग के लिए बांस और बल्लियों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि श्रद्धालु क्रमबद्ध तरीके से दर्शन कर सकें।

#### जमींदार परिवार के लोग करते है पूजा-अर्चना

निरीक्षण के दौरान उपस्थित ठाकुरटोला के जमींदार और पुजारी ने मंडीप खोल गुफा के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया गुफा देखने 16 बार एक ही नदी को पार कर जाना होता है यह गुफा रियासतकालीन परंपराओं से जुड़ी है और हर वर्ष अक्षय तृतीया के बाद पहले सोमवार को श्रद्धालुओं के लिए खोली जाती है। यहां पहले पूजा-अर्चना ठाकुरटोला के जमींदार परिवार द्वारा की जाती है। गुफा के समीप सेतगंगा कुंड स्थित है, जिसे गंगा के समान पवित्र माना जाता है। स्थानीय मान्यता है कि इस जल में कभी विकृति नहीं आती और इसका जल सदा शुद्ध रहता है। इसके समीप स्थित 'चमगादड़ गुफा' में हजारों चमगादड़ निवास करते हैं और दिन में भी यहाँ अंधकार बना रहता है।

### सांगिनकछार में 125 परिवारों को पट्टा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम सांगिनकछार में स्वामित्व योजना अंतर्गत पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु, अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव झरना राजपूत, सांगिनकछार सरपंच सुमरित वर्मा, बगदई सरपंच कुलदीप ठाकुर, माथलडबरी सरपंच कोमिन साहू उपस्थित थे।

सभापति श्रीमती यदु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है। स्वामित्व पट्टा से प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य शासकीय योजनाओं में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम सांगिनकछार के 125 परिवारों को स्वामित्व योजना अंतर्गत पट्टा वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने पट्टा मिलने पर हितग्राहियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच मनोहर वर्मा, पंच मुन्नी वर्मा, नीलकंठ यादव, नूतन साहू, तुलाराम साहू सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

### एजुकेशन हब निर्माण के लिए स्थल का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बुधवार को शहर में मूलभूत सुविधा पेयजल, साफ-सफाई का हाल जानने सुबह 7 बजे शहर के विभिन्न स्थानों का जायजा लिया। कलेक्टर ने टांकाघर का निरीक्षण कर टैंकर एवं गाडियों की जानकारी ली।

साथ ही निर्माण कार्य निरीक्षण के तहत एजुकेशन हब निर्माण का जायजा लेकर नालंदा परिसर निर्माण के लिए संभावित स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ. भुरे ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत समय पर टैंकर पहुंचे तथा पेयजल एवं विद्युत संबंधी शिकायतों का समय पर निराकरण करें। उन्होंने पेयजल संबंधी शिकायतों का निराकरण करने के लिए कर्मचारी तैनात रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कामठी लाइन, हलवाई लाइन में साफ-सफाई का जायजा लेकर कहा कि यह एक व्यवसायिक क्षेत्र है, इसलिए यहां दुकान खुलने के पहले सड़क एवं नाली की साफ-सफाई होने के बाद कचरा उठाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कुछ क्षेत्रों में पानी कम आने की शिकायत पर उन्होंने परीक्षण कर इसका समाधान करने के निर्देश दिए।



#### निर्माण कार्यों का जायजा

कलेक्टर डॉ. भुरे ने एजुकेशन हब निर्माण कार्य का जायजा लेकर निर्माण संबंधी कार्यों जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एजुकेशन हब का निर्माण लंबे समय से किया जा रहा है। निर्माण कार्य में तेजी लाकर कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि इसका लाभ विद्यार्थियों को मिल सके। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में ऑनलाईन सुविधा देने शासन द्वारा नालंदा परिसर निर्माण की परिकल्पना को साकार करने राजनांदगांव में नालंदा परिसर निर्माण के लिए शिवनाथ महाविद्यालय के पास की संभावित भूमि का निरीक्षण किया।

#### टैंकरो के माध्यम से सप्लाई

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते पर्याप्त पेयजल व्यवस्था की गई है। प्रतिदिन सुबह 9 बजे से मांग अनुसार वार्डों एवं आयोजनों में टैंकर के माध्यम से पेयजल की सप्लाई की जाती है। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों के लिए जेसीबी टिप्पर, टैक्टर भी सुबह निकल जाते हैं। इसी प्रकार विद्युत गैंग एवं जल विभाग का गैंग सुबह शिकायत के आधार पर लाईट मरम्मत तथा पाईप लाईन संबंधी शिकायतों का निराकरण करने वार्डों में जाते हैं।

## चरित्र पर लांछन लगाकर गांव से बहिष्कृत हुई महिला, न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के डोंगरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कसारी में रहने वाली एक महिला लगभग तीन महीना से न्याय की आस लिए भटक रही है। आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने उसके चरित्र पर लांछन लगाकर उसे और उसके परिवार को गांव से बहिष्कृत कर दिया है ।

इस बहिष्कार के बाद गांव में उनके परिवार से कोई बातचीत भी नहीं कर रहा है । वही उनके किराना दुकान पर सामान की खरीदी करने भी कोई नहीं आ रहा है। ऐसे में अपने लिए न्याय की मांग करते हुए महिला तीन महीनो से भटक रही है । पीड़िता ने राज्य महिला आयोग से लेकर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, तहसील कार्यालय सहित हर उस जगह पर आवेदन किया जहां से उसको न्याय मिलने की उम्मीद थी, लेकिन इस 3 महीने बीत जाने के बाद भी उसे न्याय नहीं मिला है और अभी भी उसे न्याय और कानून पर पूरा भरोसा है।

दबंगों पर कार्रवाई के लिए शिकायत लेकर एक बार फिर अपने पति के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची महिला ने बताया कि गांव के कुछ लोगों के द्वारा उसके चरित्र पर उंगली उठाई जाती है, उस पर तरह-तरह के आरोप लगाए जाते हैं, चरित्र पर लांछन लगाकर उसे और उसके परिवार को गांव से बहिष्कृत कर दिया गया है । पीड़िता ने कहा कि गांव के कुछ लोगों के द्वारा उनकी किराना दुकान में भी तोड़फोड़ की गई है । वही पीड़िता ने बताया कि लगभग 3 महीने पहले उसे गांव से बहिष्कृत किया गया था, इसके दूसरे दिन ही उसने इसकी शिकायत, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य जगहों पर की थी इसके बाद तहसीलदार गांव में पहुंचे थे और लोगों को समझाइए दी थी, लेकिन उनकी बातें गांव के लोगों ने नहीं मानी और बहिष्कार वापस नहीं लिया । पीड़िता ने बताया कि गांव में उनके परिवार के साथ कोई भी बातचीत नहीं करता है।



#### बैठक में किया गया बहिष्कृत

पीड़िता ने कहा कि गांव में बैठक रखी गई और बैठक में मुझे व मेरे परिवार को गाँव एवं समाज से बहिष्कृत करने को घोषणा किया गया। वहीं गाँव के निवासियों को चेतावनी दी गई कि इनके परिवर से कोई भी किसी प्रकार का संबंध रखेगा तो उसे आर्थ दण्ड देना होगा।

## कलेक्टर ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जम्मू कश्मीर राज्य के पहलगाम में आंतकवादी हमले से पर्यटकों की दुखद मृत्यु होने पर गुरुवार सुबह 10 बजे मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा भी मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

## वाणिज्य विषय के प्रति बच्चों में रूचि बढ़ाने कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली बच्चों में वाणिज्य विषय के प्रति बच्चों में रूचि बढ़ाने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में वाणिज्य विषय की भूमिका सहित अन्य वाणिज्य से जुड़े विषयों पर जिले के सभी वाणिज्य संकाय के व्याख्याताओं के लिए डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शा.उ.मा.विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव के ऑडिटोरियम में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि जिले में बच्चों द्वारा लिया जाने वाला दूसरा सबसे महत्वपूर्ण विषय वाणिज्य संकाय है। राज्य व जिले में प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले ज्यादातर बच्चे कॉमर्स संकाय से होते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि स्कूली शिक्षा के बाद बच्चों को आगे की पढ़ाई, वाणिज्य विषय से संबंधित प्रतियोगी परीक्षाएं एवं वाणिज्य विषय में कैरियर आप्शन के बारे में आवश्यक मार्गदर्शन देने की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों को वाणिज्य विषय को लेकर रूचि बढ़ाने तथा रूचिकर तरीके से बच्चों को वाणिज्य विषय की जानकारी देने कहा।

जिला शिक्षा अधिकारी ने अधिक से अधिक बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा के प्रति रूचि बढ़ाने, जीवन में वाणिज्य विषय की उपयोगिता के संबंध में जानकारी तथा आवश्यक मार्गदर्शन देने कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में बच्चों एवं शिक्षकों में नकारात्मकता हावी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने वाणिज्य विषय के शिक्षकों को विषय से संबंधित नवीन जानकारी से अपडेट रहने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों को विषय की बारीकियों की जानकारी दी जा सके। कार्यक्रम में काउंसलर्स राकेश ठाकुर एवं राकेश शर्मा द्वारा वाणिज्य विषय के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि वित्तीय क्षेत्र में वाणिज्य संकाय के बच्चे बेहतर और अच्छा भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि देश में जीएसटी काउंसिल के रूप में वित्तीय संस्थाएं प्रारंभ की गई है। जिसमें बड़े पैमाने पर कमर्शियल बैकग्राउंड वाले बच्चों की आवश्यकता है। उन्होंने स्टॉक मार्केट के क्षेत्र में बेहतर कैरियर के बारे में बताया। कार्यशाला में व्याख्याताओं ने अपने विचार व्यक्त किए तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

कार्यशाला में सहायक संचालक शिक्षा आदित्य खरे, डीएमसी समग्र शिक्षा सतीश ब्योहरे, एपीसी समग्र शिक्षा मनोज मरकाम, बीईओ डोंगरगढ़ विरेंद्र कौर गरचा, बीईओ छुरिया प्रशांत चितवरकर एवं एबीईओ राजनांदगांव शैलेंद्र रूसिया सहित बड़ी संख्या में वाणिज्य संकाय के व्याख्याता उपस्थित थे।

## आईटीबीपी ने डोमीकला में लगाया सिविक एक्शन कैम्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

27वीं बटालियन भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने मोहला मानपुर पुलिस के साथ मिलकर, डोमिकलां में एक निःशुल्क चिकित्सा, पशु चिकित्सा और जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

शिविर में ग्रामीणों और स्कूली बच्चों की चिकित्सा जाँच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ दी गईं।

आईटीबीपी के डॉक्टर रघुवेन्द्रन और यूनिट की मेडिक्स की टीम द्वारा कैम्प में आए ग्रामीणों की स्वास्थ्य जाँच की गई। साथ ही, डॉक्टर मनोरंजन, चीफ़ मेडिकल ऑफ़िसर द्वारा ग्रामीणों को पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया गया और दवाइयाँ वितरित कीं।

#### शीघ्र ही फील्ड पशु चिकित्सा अस्पताल

सीतागांव के अस्पताल की लोकप्रियता को देखते हुए और ग्रामीणों के अनुरोध पर अब आईटीबीपी जल्दी ही सीतागाँव में ही एक फ़ील्ड चिकित्सा अस्पताल भी खोलने जा रही है। विवेक कुमार पाण्डेय, कमांडेंट ने ग्रामीणों को बताया कि इससे स्थानीय ग्रामीणों के जानवरों का निःशुल्क इलाज़ सम्भव होगा।



#### समूह भोजन का आयोजन

बटालियन द्वारा ग्रामवासियों के लिए एक समूह भोज का आयोजन भी किया जिसमें लगभग 100 ज़्यादा ग्रामीणों और बच्चों ने जवानों द्वारा परोसे गए भोजन को ग्रहण किया। कमांडेंट ने कहा कि ऐसे समूह भोजन कार्यक्रमों का उद्देश्य आम ग्रामीणों के साथ मेल-मिलाप और परस्पर संवाद को और बेहतर बनाना है और क्षेत्र में भविष्य के कार्यक्रमों में भी ऐसे समूह भोज कार्यक्रमों को यथासंभव आयोजित किया जाता रहेगा।

#### ग्रामीणों को किया जागरूक

इस मौक़े पर 27वीं बटालियन आईटीबीपी के कमांडेंट विवेक कुमार पाण्डेय ने स्थानीय जनता से संवाद किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए और अपना जीवन स्तर और बेहतर करने के प्रयास किए जाने चाहिए। कमांडेंट ने ग्रामीणों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य एवं बच्चों में पोषण हेतु जागरूक किया और कहा कि स्वच्छता बनाए रखकर वातावरण को निरोगी बनाए रखा जा सकता है। उन्होंने वृक्षारोपण करने और प्रकृति पर्यावरण संरक्षण करने हेतु भी सभी का आह्वान किया।

#### 2000 लोगों का निःशुल्क इलाज

सीतागांव में आईटीबीपी और पुलिस प्रशासन की पहल से खोला गया अस्पताल अब ग्रामीणों में काफ़ी लोकप्रिय हो चुका है। कमांडेंट ने आह्वान किया गया कि वे सीतागाँव के अस्पताल की सुविधा का लाभ उठाएँ जहां आस-पास के कई 20 से ज़्यादा गाँवों के स्थानीय लोगों के लिए निःशुल्क चिकित्सा की सुविधा और आधार जाँच की सुविधा उपलब्ध है और रोज़ाना यहाँ लोग चिकित्सा परामर्श और दवाइयों के लिए आ रहे हैं। अब तक यहाँ 2000 से ज़्यादा लोगों का इलाज किया जा चुका है। मरीज़ों के लिए बेड भी उपलब्ध हैं और पिछले दिनों में यहाँ मलेरिया, पेट और त्वचा के साथ-साथ, कई प्रकार के संक्रमण से ग्रस्त लोगों का निःशुल्क इलाज़ किया गया है।



**सौगात : विष्णुदेव साय सरकार का उद्देश्य विकास कार्यों को धरातल पर उतारना : उपमुख्यमंत्री**

# पोंड़ी व खड़ोदा कला में किया सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि-पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का जनसेवा और विकास के प्रति समर्पण लगातार धरातल पर देखने को मिल रहा है। उनके कार्यकाल के अभी लगभग डेढ़ वर्ष ही पूरे हुए हैं, लेकिन कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में विकास की स्पष्ट छवि उभरकर सामने आ रही है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा खुद गांव-गांव पहुंचकर विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण कर रहे हैं। जिससे क्षेत्रवासियों में नया उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार को तेज-बारिश के बीच ग्राम पोंड़ी व खड़ोदा कला में सरस्वती शिशु मंदिर के पास 10-10 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन किया। बारिश में भी कार्य को रुकने नहीं देना, उनके दृढ़ निश्चय और क्षेत्र की जनता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इन निर्माण कार्यों से ग्रामीणों को सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक आयोजनों के लिए एक सुसज्जित मंच प्राप्त होगा, जिससे गांवों में सामुदायिक एकता और विकास को नई दिशा मिलेगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार का उद्देश्य सिर्फ घोषणाएं करना नहीं, बल्कि विकास कार्यों को धरातल पर उतारना है। आज ग्राम पोंड़ी व खड़ोदा कला में सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन कर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। ये भवन ग्रामीणों के लिए न केवल सामाजिक आयोजनों का केंद्र बनेंगे, बल्कि गांव के सर्वांगीण विकास में भी अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि बारिश के बीच भी आपका जोश और समर्थन यह दर्शाता है कि जनता विकास चाहती है और हमारी सरकार उसे हर हाल में सुनिश्चित करेगी। हम सभी ग्रामों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध हैं।

### क्षेत्र के नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा : श्री शर्मा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा में विकास की गति तेज हुई है। सड़कों, सामुदायिक भवनों, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में निरंतर प्रगति हो रही है, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। ग्राम पोंड़ी और खड़ोदा कला में भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें। लोगों में उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार और भरोसे का भाव देखने को मिला। इसके पूर्व भी एक सप्ताह के अंतर्गत कवर्धा विधानसभा के ग्रामों में लगभग 1 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया जा चुका है। ये कार्यक्रम स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मंभ संपन्न हुए, जो क्षेत्रीय विकास के लिए सरकार और जनता के बीच मजबूत समन्वय को दर्शाते हैं।

# क्षेत्र में आंधी, तूफान से विशालकाय पेड़ धराशायी, आवागमन बाधित

■ ग्रामीणों व राहगीरों को उठानी पड़ी भारी दिक्कतें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



पिछले तीन-चार दिनों से मौसम में आई बदलाव तथा तेज आंधी, तुफान के बीच गुरूवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हुई झमाझम बारिश के दौरान तेज-आंधी, तूफान से कुण्डा-फास्टरपुर मार्ग व दामापुर मोड़ के पास दो विशालकार पीपल पेड़ जड़ सहित उखड़कर सड़क के बीचों बीच गिरने से आवागमन बाधित तथा राहगीरों को भारी दिक्कते व परेशानियों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि इस तेज आंधी तुफान से किसी भी तरह की हानि व दुर्घटना की खबर नहीं आई। वहीं सड़क किनारे विशालकाय पेड़ गिरने से आवागमन बाधित रहा। वहीं छोटे वाहन जैसे-तैसे निकल रहे थे, लेकिन बड़े वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं अंचल में झमाझम बारिश के साथ तेज आंधी-तूफान के चलते विद्युत आपूर्ति ठप रही।

### सरदार पब्लिक स्कूल कुण्डा का परीक्षा परिणाम घोषित



**हरिभूमि कुण्डा।** सरदार पब्लिक हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल कुण्डा में 30 अप्रैल को कक्षा केजी-1 से कक्ष 11वीं तक के सत्र 2025 की परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें हाई स्कूल के प्राचार्य जीएस मक्कड़ एवं सरदार पब्लिक स्कूल कुण्डा के प्राचार्य श्रीमती सिमरन कौर मक्कड़, प्रभारी प्राचार्य नीलभद्र शर्मा, प्रकाश चंद्राकर एवं समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की उपस्थिति में परीक्षा परिणाम घोषित किया। जिसमें कक्षा 5वीं का छात्र मनीष दिवाकर का नवोदय में चयन हुआ। जिस पर उपस्थित पदाधिकारियों व शिक्षक शिक्षिकाओं ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी गई। इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं सहित ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### खबर संक्षेप

#### सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का हो रहा त्वरित समाधान

**हरिभूमि कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप मुख्यमंत्री सुशासन तिहार 2025 में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। सुशासन तिहार से न केवल सरकारी सेवा में पारदर्शिता बढ़ी, बल्कि नागरिकों को भी तत्काल लाभ मिल रहा है। सुशासन तिहार के अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय ने 95 आवेदकों को उनके लर्निंग लाइसेंस त्वरित निराकरण करते हुए हाथों-हाथ जारी कर दिए गए, जो इस अभियान की सफलता का उदाहरण है। यह कदम सरकार की जनहित की प्राथमिकता और समय पर सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू ने बताया कि परिवहन विभाग ने लर्निंग लाइसेंस परिवहन सुविधा केंद्र के माध्यम से 95 आवेदकों का त्वरित निराकरण करते हुए उनकी आवश्यकताओं का तत्काल समाधान किया। इन आवेदकों को हाथों-हाथ लाइसेंस जारी किए गए, जिससे उन्हें न केवल समय की बचत हुई, बल्कि एक सरकारी सेवा में पारदर्शिता और दक्षता का भी अहसास हुआ।

# पक्की नाली निर्माण के अभाव में गंदा पानी का जमावड़ा

## रहवासियों को उठानी पड़ रही भारी परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

ग्राम पंचायत घोरपेंड्री के आश्रित ग्राम बसनी ब्राम्हण पारा स्थित हैंडपंप के आसपास पक्की नाली निर्माण के अभाव में गंदा पानी की जमावड़ा होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार शासन-प्रशासन द्वारा बोर खनन व विभागीय अधिकारियों द्वारा हैंडपंप फिटकर किया गया लेकिन पक्की नाली निर्माण कार्य नही होने के कारण हैंडपंप के आसपास गंदा पानी एकत्रित होने से रहवासियों में संक्रामक व बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है।

जिस पर ग्रामीणों व रहवासियों द्वारा क्षेत्र के जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों से अपील कर पक्की नाली निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की गई ताकि पानी निकासी हो सके साथ ही साथ हैंडपंप के आसपास स्वच्छता बना रहें। ग्राम बसनी के ग्रामीणों को छोटी छोटी मूलभूत सुविधा का लाभ मिल सकें।



#### मच्छर पनपने की आशंका

ग्रामीणों ने बताया कि हैंडपंप के आसपास गंदा पानी एकत्रित होने से मच्छर पनपने की आशंका बना हुआ है, वहीं रहवासियों के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। जिस पर क्षेत्र की स्वच्छता अभियान पर सवाल उठ रही है? वहीं ग्रामीणों ने क्षेत्र के जिम्मेदारों व जनप्रतिधिनियों से मांग कर जल्द से जल्द मूलभूत सुविधाओं उपलब्ध कराने साथ ही स्वच्छता अभियान चलाएं जाने अपील की गई ताकि ग्रामीणों को शुद्ध पानी व वातावरण साफ सुथरा हो सके।

# आदित्यवाहिनी द्वारा आद्य शङ्कराचार्य का प्राकट्य महोत्सव पिपरिया में मनाया जाएगा आज

■ कार्यक्रम को लेकर सनातनियों में भारी उत्साह व खुशी का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



भगवत्पाद आद्य शङ्कराचार्य का 2532 वां प्राकट्य महोत्सव इस वर्ष पिपरिया में मनाया जाएगा। आदित्यवाहिनी के जिलाध्यक्ष आशीष दुबे तथा वरिष्ठ सलाहकार मारुति शरण शर्मा ने अवगत कराया कि भगवान आद्य शङ्कराचार्य के प्रकट महोत्सव के पावन अवसर पर 02 मई को देश के हर कोने में दिव्य समारोह आयोजित होंगे। पुरीपीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती महाभाग की कृपा एवं आशीर्वाद के फलस्वरूप इस समस्त सनातन धर्मावलंबियों द्वारा अपने-अपने घरों में रुद्राभिषेक शिवपूजन आराधना, सत्संग, संगोष्ठी, भजन संकीर्तन द्वारा सर्व-जनकल्याणार्थ संकल्प के साथ महाप्रभु के श्रीचरणों में सादर प्रार्थना समर्पित किया जाएगा। आदित्यवाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने बताया कि आद्य शङ्कराचार्य महाभाग का अवतार आज से 2532 वर्ष पूर्व हुआ, जब तात्कालीन शासनतंत्र द्वारा सनातन संस्कृति को विनष्ट करने का षड्यंत्र तथाभारत को खंडित करने का प्रयास किया जा रहा था तब उन्होंने उस संकट काल में इस अनीति के बिरूद्ध शंखनाद करते हुए। तत्क्षण दिग्विजय यात्रा प्रारंभ की एवं हिन्दुओं के प्रशस्त मानबिन्दुओं की रक्षा तथा व्यासपीठ एवं शासनतंत्र का शोधनकर वैदिक साम्राज्य की स्थापना की। आज तीर्थ, धाम, मठ मंदिर आश्रम जो दिखाई पड़ रहे हैं वे उस समय लुप्तप्राय हो गये थे। उसे पुनः प्रतिष्ठित किया तथा भजन, संकीर्तन, कथा, सत्संग, यज्ञ, पूजन आराधना को भारत में पुनः प्रतिस्थापित किया। इसलिए समग्र हिन्दू समाज के धर्मगुरु शङ्कराचार्य ही मान्य हैं। उसी परम्परा की स्थापना में गोवर्धनमठ पुरी के मान्य 145वें जगद्गुरु शङ्कराचार्य कटिबद्ध होकर दिन रात तत्पर हैं। इस वर्ष आदित्यवाहिनी की पिपरिया इकाई द्वारा यह जिला स्तरीय आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पिपरिया नगर सहित आसपास के सनातन धर्मावलंबी एवं गणमान्य जन इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, जिसमें भगवान आदि शंकराचार्य के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला जाएगा। पिपरिया सर्व समाज मंगल भवन में सायं 4 बजे से आयोजित भगवान शंकराचार्य प्राकट्य महोत्सव कार्यक्रम में समस्त सनातन हिंदू समाज से सम्मिलित होने की अपील की गई।

# विधायक की अनुशंसा पर मोहतरा में किया बोर खनन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के अनुसंशा पर ग्राम मोहतरा में पेयजल एवं निस्तारी हेतु बोर खनन का कार्य ग्राम मोहतरा कला में जनसेवा ही भावना की मंशानुसार हरसंभव सेवा में तत्पर रहती है। वहीं ग्रामीणों की बुनियादी समस्याओं से लेकर हर प्रकार की समस्याओं की समाधान के लिए हमेशा जनता के सामने उपस्थित रहती। श्रीमती बोहरा क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन जैसे अन्य समस्याओं का विशेष ध्यान रखते हुए त्वरित समाधान के लिए तैयार रहती है। इस तप्ती गर्मी में क्षेत्र में जल स्तर काफी गिरा हुआ है जिसके चलते जलसंकट गहराया हुआ है। इस जल संकट को देखते हुए विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा ग्राम मोहतरा कला में बोर खनन की अनुसंशा की और त्वरित बोर खनन किया गया। बोर खनन से निश्चित रूप से ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा एवं निस्तारी की समस्याओं से निजात मिलेगा। जिस पर ग्राम में बोर खनन होने पर भाजपा मण्डल कुण्डा के पदाधिकारीगण एवं ग्राम मोहतरा कला के सरपंच, उपसरपंच एवं पंचगण सहित समस्त ग्रामवासियों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

### मोहित साहू व किशन सिंह को एसपी धर्मेंद्र सिंह ने दी भावभीनी विदाई



**हरिभूमि कवर्धा।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुरूवार को एक गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस विभाग के दो उपनिरीक्षक मोहित दास साहू व किशन सिंह तिलगाम को सेवानिवृति होने पर ससम्मान विदाई दी गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मोहित दास साहू ने 01 जुलाई 1982 को पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर भर्ती हुए और लगातार 42 वर्ष, 10 माह, तक सेवा दी उक्त सेवा कल के दौरान आरक्षक से पदोन्न होकर प्रधान आरक्षक, प्रधान आरक्षक से सहायक उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक से उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त किए। वहीं किशन सिंह तिलगाम ने 20 दिसंबर 1983 में पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर भर्ती होकर आरक्षक से प्रधान आरक्षक, प्रधान आरक्षक से सहायक उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक से उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्न हुए, और कुल 41 वर्ष, 4 माह, 11 दिन तक पुलिस विभाग में कार्यरत रहे। जिस पर दोनों अधिकारियों ने पुलिस विभाग में विभिन्न जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाया। इस विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा मोहित साहू और किशन तिलगाम दोनों ने पुलिस विभाग में लंबी और उत्कृष्ट सेवा दी है। उन्होंने हमेशा ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और साहस का परिचय दिया। उनके योगदान को विभाग हमेशा याद रखेगा। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल ने कहा इन दोनों अधिकारियों ने अपने सेवाकाल में जो अनुशासन, धैर्य और कार्यकुशलता दिखाई, वह नई पीढ़ी के पुलिसकर्मियों के लिए एक मिशाल है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल द्वारा दोनों अधिकारियों को श्रीफल, शाल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर ससम्मान विदाई दी गई। इस दौरान श्रीमती अंजू कुमारी, सिद्धार्थ सिहं, अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### प्रेरणा बनीं संगीता जैन, वर्षों बाद जिले में हुआ नेत्रदान



**हरिभूमि कवर्धा।** वर्षों बाद कबीरधाम जिले में नेत्रदान की एक मिशाल कायम हुई है, जिसने पूरे जिले को संवेदनशीलता और सेवा-भावना का संदेश दिया है। जिले की श्रीमती संगीता जैन 56 वर्ष ने अपना नेत्रदान कर लोगों को नेत्रदान करने के लिए प्रेरित किया है। कलेक्टर श्री वर्मा ने इस पुण्य कार्य के लिए स्व.श्रीमती संगीता जैन के परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कार्य समाज को नेत्रदान के लिए प्रेरित करेगा और अनेक दृष्टिहीनों के जीवन में रोशनी लाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। देश में लाखों लोग आंखों की रोशनी के लिए प्रतीक्षारत हैं। ऐसे में नेत्रदान का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। यदि कोई व्यक्ति अपनी आंखें दान करता है, तो वह नेत्रविहीन व्यक्तियों के जीवन में उजाले की किरण बन सकता है। यह एक ऐसा पुण्य कार्य है, जो किसी को अंधकार से निकालकर रंगों से भरी नई जिंदगी की ओर ले जाता है। विकासशील देशों में कॉर्नियल रोग दृष्टि दोष और अंधत्व के प्रमुख कारणों में से एक हैं। इन स्थितियों में नेत्रदान जीवनदायिनी भूमिका निभाता है। कई वर्षों के अंतराल के बाद कबीरधाम जिले में नेत्रदान की एक मिशाल पेश की गई है। जिले की 56 वर्षीय श्रीमती संगीता जैन ने मृत्यु के उपरांत अपने नेत्र दान किए हैं, जिससे वे समाज के लिए प्रेरणा बन गई हैं। इस पुण्य कार्य में उनके पति समाजसेवी महावीर खातेड, पुत्र गौरव खातेड, रौनक खातेड और पुत्री प्रेक्षा का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा है। उनका यह निर्णय न केवल नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाता है, बल्कि दूसरों को भी इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करता है। नेत्रदान करने वाले परिवार जनों को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएलज डीपीएम श्रीमती अनुपमा तिवारी, डॉ केशव ध्रुव सिविल सर्जन, डॉ जितेन्द्र वर्मा, बालाराम साहू रेडक्रास ने भी परिवार के इस निर्णय की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्पद बताया। नेत्रदान में डॉ क्षमा चोपडा नेत्र रोग विशेषज्ञ, मेडिकल अधिकारी डॉ जीव ठाकुर, प्रभात गुप्ता, अश्वनी शर्मा नेत्र सहायक, हेमलता मेरावी एमेलाराम यादव का विशेष योगदान रहा।

**तहसील कोर्ट के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने दिए निर्देश**

# कलेक्टर ने पिपरिया तहसील न्यायालय का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गुरूवार को पिपरिया तहसील न्यायालय और नायब तहसील न्यायालय का औचक निरीक्षण कर प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने पिपरिया तहसील कोर्ट में नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा सहित अन्य समय-सीमा के बाहर के लंबित प्रकरणों पर गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि कार्य के प्रति ऐसी उदासीनता एवं बहानेबाजी नहीं चलेगी। उन्होंने तत्परता एवं सक्रियतापूर्वक तहसील कोर्ट के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पटवारी प्रतिवेदन के लिए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। आम जनता को छोटे-छोटे कार्यों के लिए भटकना ना पड़ें। सरल प्रक्रिया के अनुरूप उनका कार्य करें। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर लंबित मामलों का निराकरण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वर्षों से लंबित मामलों की फाइलों की स्वयं समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। निरीक्षण करते हुए उन्होंने पाया कि कई मामलों में पक्षकार उपस्थित नहीं हो रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसी स्थिति में नियमानुसार प्रक्रिया पूरी कर प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि अनावश्यक लंबितता समाप्त हो सके।

उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे सभी प्रकरणों में जिनकी सुनवाई लंबित हैए पक्षकारों को तत्काल नोटिस जारी किए जाएंए ताकि प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जा सके। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं एसडीएम मुकेश रावटे, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, तहसीलदार प्रमोद चंद्रवंशी और नायब तहसीलदार श्रीमती कावेरी मुखर्जी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### नगर सैनिकों की लिखित परीक्षा 22 जून को

**कवर्धा।** मुख्यालय नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 22 जून को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा राज्य के रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अम्बिकापुर में संपादित की जाएगी। वर्ष 2024 में शारीरिक मापजोख दक्षता परिक्षा में पात्र अभ्यर्थियों को व्यापम की वेबसाईट में रजिस्ट्रेशन एवं ऑनलाईन आवेदन सबमिट करना अनिवार्य है, जिसकी अंतिम तिथि 30 मई सायं 5 बजे तक है।

# शहर में रात 3 बजे से 150 जवानों की पुलिस टीम ने संदिग्धों के ठिकानों में दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला कबीरधाम में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा बुधवार तड़के एक बड़ा और योजनाबद्ध अभियान चलाया गया। यह सघन कॉम्बिंग गश्त अभियान उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर पुलिस महानिरीक्षक, राजनांदगांव अभिषेक शांडिल्य के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में इस विशेष ऑपरेशन में कबीरधाम के 10 थानों से चयनित कुल 150 पुलिस अधिकारी व जवानों को तैनात किया गया। अभियान की शुरुआत रात 3 बजे ही कर दी गई, जिससे किसी भी असामाजिक तत्व को पुलिस की कार्रवाई की पूर्व सूचना न मिल सके। गश्त के दौरान कवर्धा शहर के सभी प्रमुख इलाकों, गली-मोहल्लों, स्लम क्षेत्रों, होटल-ढाबों, किराये के मकानों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर बारीकी से तलाशी ली गई। पुलिस दलों ने घर-घर दस्तक देकर किरायेदारों, बाहरी व्यक्तियों और बिना पहचान के रह रहे लोगों की गहन जांच की। इस कार्रवाई में अब तक 40 से अधिक ऐसे संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की गई है, जो बिना किसी वैध दस्तावेजों के रह रहे थे या जिनकी पहचान स्पष्ट नहीं हो पा रही थी। इन सभी को पूछताछ हेतु थाने लाया गया है तथा उनके दस्तावेजों और गतिविधियों की जांच की जा रही है। इस दौरान यह भी सामने आया कि शहर के कई मकान मालिकों ने किराएदारों का विधिवत सत्यापन नहीं कराया है। ऐसे मकानों में बाहरी और संदिग्ध प्रवृत्ति के लोग रह रहे थे, जिसकी जानकारी मकान मालिकों द्वारा छुपाई गई थी। पुलिस ने ऐसे मकान मालिकों से पूछताछ कर स्पष्ट निर्देश दिया है कि भविष्य में बिना पुलिस सत्यापन के किसी को किराये पर न रखें, अन्यथा उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। यह पहल न केवल सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज में अपराधियों की घुसपैठ रोकने के लिए भी अनिवार्य है। अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक, डीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी, प्रशिक्षु डीएसपी सिद्धार्थ सिंह, कोतवाली थाना प्रभारी लालजी सिन्हा सहित जिले के सभी थानों के प्रभारी अधिकारी व जवान पूरी मुस्तैदी के साथ अभियान में शामिल रहे। पूरे शहर को पूर्व नियोजित सेक्टरों में बांटकर तलाशी कार्य को व्यवस्थित और प्रभावी रूप से संपन्न किया गया।



### जिले को अपराधमुक्त वातावरण प्रदान करने ठोस कदम

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि यह अभियान जिले को अपराधमुक्त वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे औचक और सघन तलाशी अभियान आगे भी नियमित रूप से संचालित किए जाएंगे, ताकि असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि गश्त के दौरान कुछ ऐसे लोग भी सामने आए हैं, जिनकी गतिविधियां संदेहास्पद रही हैं। उनके बारे में विस्तृत जांच जारी है और आवश्यकता पड़ने पर विधिक कार्रवाई भी की जाएगी। कॉम्बिंग गश्त के अंतर्गत निगरानी श्रेणी के अपराधियों, स्थायी वारंटियों, नशे के कारोबारियों, सट्टा-जुआ संचालकों एवं हिस्ट्रीशीटर बदमाशों के ठिकानों पर भी विशेष दबिश दी गई। गुप्त सूचनाओं और तकनीकी माध्यमों से प्राप्त जानकारी के आधार पर कई पुराने अपराधियों को चिन्हित किया गया और पूछताछ हेतु हिरासत में लिया गया है। इस दौरान पुलिस ने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी तत्व कानून की पकड़ से बाहर न रहे और जिले में शांति एवं सुरक्षा का माहौल और मजबूत हो।

## मौसम: अंचल में बदला मिजाज, तेज हवा के साथ झमाझम बारिश

# दोपहर के तीन बजे कवर्धा शहर में गहराया अंधेरा, गिरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

लगातार बनते बिगड़ते अंचल के मौसम के बीच बुधवार की दोपहर कवर्धा में मौसम ने कुछ ऐसा नजारा दिखा गया कि भरी दोपहरी अंधेरा गहरा गया और ऐसा लगने लगा मानो दोपहर के 3.00 नहीं बल्कि रात के तीन बज रहे हों। इस मौसमी उठल पुथल के बीच कुछ देर के लिए ही सही पर कवर्धा नगर में झमाझम बारिश भी देखने को मिली। जिससे भोरफटने के साथ ही जारी तपिश कम हो गई और मौसम खुशनुमा हो गया। गौरतलब है कि बीते कई दिनो से कवर्धा सहित अंचल के मौसम में एक रूपता नहीं दिखाई दे रही है। आलम ये है कि सुबह भोर फटने के साथ ही चटख धूप खिल रही है और लोग भीषण गर्मी, तपिश तथा गर्म हवा के थपेड़ों से हलाकान और परेशान नजर आते हैं। लेकिन दूसरा पहर शुरू होते ही अचानक मौसम अपना मिजाज बदल देता है। आसमान में काले बादल छाने लगे हैं और तेज हवा, आंधी तूफान के साथ हल्की तेज बूंदाबांदी तो कभी ओला वृष्टि शुरू हो जाती है। वहीं रात गहराने के साथ मौसम पूरी तरह बदल जाता है और लोगों को कूलर, पंखा की हवा के साथ चादर व कंबल ओढ़ने की जरूरत महसूस होने लगती है। बुधवार को भी कवर्धा के मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही था। बुधवार की सुबह चटख और तेज धूप तो खिली लेकर दोहपर होते-होते मौसम ने ऐसी करपट बदली की पूरे शहर में अंधेरा छा गया। अंधेरा भी ऐसा कि सड़क में चलने वाले वाहन चालकों को अपने वाहनो की हेडलाइट्स चालू करनी पड़ गई। मौसम का यह अजीबो गरीब नजारा करीब आधे घंटे तक ऐसा ही बना रहा। इस बीत तेज हवा के साथ झमाझम बारिश भी होते रही। बाद में अंधेरा तो छंट गया लेकिन आसमान में बदली छाई रही और गर्मी छू मंतर हो गई। बताया जाता है कि बुधवार की दोपहर मौसम का यह मिजाज कवर्धा के आलावा जिले के बोड़ला, पंडरिया तथा स. लोहारा विकासखण्ड में भी कुछ ऐसा ही बना रहा।

### बोड़ला में निर्माणाधीन सर्व सामाजिक भवन का उड़ा शेड



बताया जाता है कि नगर पंचायत बोड़ला में इस बदले मौसम के बीच तेज आंधी तूफान में बीते तीन-चार सालों से निर्माणाधीन सर्व सामजिक भवन का सेड़ उड़ गया और और एक दुकान में जा गिरा। इसे गनीमत ही कहें की इसकी जद में कोई नहीं आया, नहीं तो कोई बड़ी अनहोनी की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। नगरवासियों ने बताया कि नगर पंचायत बोड़ला द्वारा बीते करीब तीन-चार सालों से सर्व समाज के लिए सामाजिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन यह भवन आज तलक पूरा नहीं हो पाया है। इसकी गुणवत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बुधवार को जरा से आंधी तूफान में निर्माणाधीन भवन का सेड़ उखड़ गया और उड़कर एक दुकान में जा गिरा।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आया ग्रामीण युवक झुलसा

आसमानी आफत का कहर जिले के विकासखण्ड पंडरिया की ग्राम पंचायत कांदावानी के आश्रित ग्राम ठेंगाटोला में भी देखने को मिला। जहां स्थानीय निवासी अमर सिंह पिता दल सिंह आयु 35 वर्ष आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। बताया जाता है कि ग्रामीण अपने घर के पास लगे महुआ पेड़ के नीचे खड़ा था। इसी दौरान खराब मौसम के बीच महुआ पेड़ में गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। घटना के बाद घायल युवक को पहले तो ग्रामीण उपचार के तहत कोदों में दबाया गया और बाद एम्बुलेंस की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहा उसका उपचार किया जा रहा है।



# चुनौतियों के साथ नवपदस्थ डीएफओ अग्रवाल ने किया पदभार ग्रहण

**जिले के जंगलों में अवैध वन कटाई, वन भूमि पर अवैध कब्जा, वनांचल में धड़ल्ले से जारी अवैध रेत, मुरूम व विभागीय भ्रष्टाचार बड़ी चुनौती**

- जिले के नवपदस्थ डीएफओ निखिल अग्रवाल से पर्यावरण प्रेमियों को बड़ी उम्मीदें



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन के स्थानांतरण आदेश के तहत बुधवार 1 मई को कबीरधाम जिले के नवपदस्थ वनमण्डलाधिकारी निखिल अग्रवाल ने कवर्धा पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण कर लिया। 2021 बैच के अधिकारी निखिल अग्रवाल (भावसे) को कबीरधाम जिले से जशपुर स्थानांतरित शशि कुमार (भावसे) ने पदभार दिया। इस अवसर पर शशि कुमार ने नवपदस्थ वनमण्डलाधिकारी श्री अग्रवाल का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। वहीं शशि कुमार (भावसे) को कार्यालयीन स्टाप ने भावभीनी विदाई दी। माना जा रहा है कि कबीरधाम जिले के नवपदस्थ डीएफओ श्री अग्रवाल के सामने कई बड़ी चुनौतियां है। जिसमें मुख्य रूप से जिले के पंडरिया और बोड़ला के जंगलों में लगातार हो रही अवैध वन कटाई, वन भूमि पर अवैध कब्जा, वनांचल में धड़ल्ले से जारी अवैध रेत, मुरूम तथा चूना पत्थर खनन, वन्य प्राणियों का शिकार तथा विभाग में निर्माण एवं विकास कार्यो के नाम पर जारी भारी भ्रष्टाचार ये कुछ ऐसे अवैध कृत्य हैं जो जिले के जंगलों में बदस्तूर जारी है। हैरानी की बात यह है कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद कबीरधाम जिले में जाने कितने वनमण्डलाधिकारी आए और चले गए लेकिन किसी ने जिले के जंगलों में चल रहे इन अवैध कृत्यों पर लगाम लगाने इच्छाशक्ति नहीं दिखाई और न ही ठोस कार्यवाही की। नतीजन जिले में छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पूर्व और मौजूदा वक्त में जंगल का क्षेत्रफल भले की विभाग के दस्तावेजों में जसका तस हो लेकिन जमीन में आधा ही रह गया है। ऐसे में जिलेवासियों को जिले के नवपदस्थ डीएफओ से बड़ी उम्मीदें है। देखने वाली बात होगी कि जिले के नवपदस्थ युवा डीएफओ निखिल अग्रवाल इन तमाम विषयों को कितनी गंभीरता से लेते हैं और आने वाले दिनो में इस दिशा में क्या और कैसी कार्यवाही करते हैं।

### जिले में वन विभागीय में बड़ी सर्जरी की जरुरत

लोगों का मानना है कि जिस ढंग से शासन ने वन विभाग में पदस्थ डीएफओ के थोकभाव में स्थानांतरण किए हैं वैसी ही सर्जरी पूरे विभाग में करने की जरूरत है। क्योंकि कबीरधाम जिले की ही बात की जाए तो यहां वन विभाग में रेंजर, डिप्टी रेंजर, एसडीओ जैसे तमाम पदों में बैठे अधिकारी वर्षो से एक ही स्थान में पदस्थ हैं और अपने दायित्वों के प्रति जरा भी गंभीर नहीं है। विभागीय कसावट के साथ पूरे विभाग में बदलाव बेहद जरूरी जान पड़ रहा है।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में श्रम दिवस व छत्तीसगढ़ी बोरे बासी दिवस का आयोजन




**कवर्धा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल कवर्धा में श्रम दिवस एवं छत्तीसगढ़ी बोरे बासी दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया श्रम दिवस के उपलक्ष मे विद्यालय के बस ड्राइवर, कंडक्टर एवं सभी कार्यरत दीदी-बहनों को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा स्नेहपूर्वक टिफिन भेंट कर सम्मानित किया गया। 1 मई को दिल्ली पब्लिक स्कूल कवर्धा में श्रम दिवस एवं छत्तीसगढ़ी बोरे बासी दिवस का संयुक्त रूप से गरिमामयी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने श्रमिकों के सम्मान एवं छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संरक्षण का सुंदर संदेश दिया। विद्यालय के बस ड्राइवर, कंडक्टर एवं सभी कार्यरत दीदी-बहनों को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा स्नेहपूर्वक टिफिन भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सभी ने मिलकर छत्तीसगढ़ी व्यंजन बोरे बासी का आनंद लिया और लोकसंस्कृति के स्वाद से जुडने का सुखद अनुभव प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्या ग्रेसिया फौग्रेद ने इस अवसर पर प्रेरणादायी उद्बोधन देते हुए श्रमिकों के योगदान को अमूल्य बताया तथा विद्यार्थियों को श्रम के प्रति आदरभाव रखने की सीख दी। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक आशीष कुमार अग्रवाल,समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने आयोजन की सराहना की और इसे विद्यालय की मानवीय एवं सांस्कृतिक चेतना का सजीव उदाहरण बताया। यह संयुक्त आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक मूल्यों की स्थापना एवं छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति के प्रति सम्मान को समर्पित रहा।

# विप्र समाज ने मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर स्थानीय सर्किट हाउस के सामने नवीन विप्र भवन में सर्व ब्राम्हण समाज द्वारा भगवान परशुराम जी का अवतरण दिवस हर्षोल्लाष एवं धूमधाम से मनाया गया है। जिसमें सर्व प्रथम भगवान परशुराम जी के तैलचित्र में माल्यार्पण कर विधिविधान से पूजन की गई। तत्पश्चात विद्वत जनो द्वारा भगवान परशुराम जी के शौर्य, वीरता एवं त्याग की कथा सुनाते हुए बताया गया कि वे भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। उनका अवतरण विप्रवंश में हुआ था उनके पिता का नाम ऋषि जमदग्नि एवं माता का नाम रेणुका था। वे एक महान पितृभक्त थे, उन्होंने 21 बार पृथ्वी को जीतकर दान दिया था। वे युद्ध केवल अन्याय, अत्याचार एवं अधर्म के विरुद्ध लड़े। उनका उद्देश्य संसार में धर्म एवं न्याय की स्थापना है वे सप्त चिरंजीवी अमर में से एक है। वे महानवीर, तपस्वी, योद्धा एवं धर्मरक्षक थे उनके महान शिष्यों में पितामह भीष्म, गुरु द्रोणाचार्य एवं महारथी कर्ण थे। वे शस्त्र एवं शास्त्र दोनों के परमज्ञाता थे। उपस्थित विप्र जनों ने भगवान परशुराम के आदर्शो व उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यकम के अन्त युवा ब्राह्मण समाज के राजेश पाण्डेय द्वारा भगवान परशुराम जी मूर्ति स्थापना, विप्र भवन के लिए भूमि दानदाता शकुन्तला बुआ का चित्र लगाना, देश प्रेम में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद वीर नरेंद्र शर्मा का चित्र लगाना तथा विप्र समाज के पूर्व अध्यक्षों का चित्र लगाने के लिए प्रस्ताव समाज के समक्ष रखा। जिसमे सर्व सम्मति प्रदान की गई। कायक्रम में युवाओं, बुजुर्गो व महिलाओं की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। इस अवसर पर श्रीमति रेखा सन्तोष पांडेय सांसद धर्मपत्नी, अध्यक्ष मनीष तिवारी (बंटी ), उपाध्यक्ष वेद नारायण तिवारी, सचिव सुरेश शर्मा, कोषाध्यक्ष सिद्धु तिवारी, वीके शर्मा, हरि शुक्ला, नंद कुमार शर्मा मीडिया प्रभारी सर्व ब्राह्मण समाज, प्रभाकर शुक्ला, प्रमोद शुक्ला, उमेश पाठक, शैलेंद्र उपाध्याय, अश्वनी पांडेय, संतोष चौबे, संतोष शुक्ला, राजेश पाण्डेय, मधु तिवारी जिलाध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज, प्राची शुक्ला, अनीता तिवारी, नीलिमा तिवारी, मधु तिवारी, अर्चना तिवारी, स्वेता तिवारी, मंजू शुक्ला, नीलम उपाध्याय, आभा तिवारी सहित बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे।



## कलेक्टर ने निर्माणाधीन नवीन तहसील भवन का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बुधवार को नगर पंचायत पिपरिया में 71 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन नवीन तहसील भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और उपस्थित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं एसडीएम मुकेश रावटे, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, तहसीलदार प्रमोद चंद्रवंशी और नायब तहसीलदार श्रीमती कावेरी मुखर्जी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि यह भवन क्षेत्र के प्रशासनिक कार्यों के संचालन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, इसलिए इसके निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होने चाहिए। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि कार्य को तय समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए तथा निर्माण की गुणवत्ता में कोई समझौता न हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने भवन की संरचना, सामग्री की गुणवत्ता, लेआउट और उपयोगिता संबंधी पहलुओं की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अभियंताओं से निर्माण कार्य की नियमित निगरानी करने को कहा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन किया जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनसुविधाओं से जुड़ी हर अधोसंरचना को समयबद्ध और मानक अनुरूप तैयार किया जाए, ताकि जनता को बेहतर सेवाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि नवीन तहसील भवन के तैयार हो जाने से आम नागरिकों को राजस्व संबंधी कार्यों में सहूलियत होगी तथा प्रशासनिक दक्षता भी बढ़ेगी।

### अतिथियों ने भी साइकिल चलाकर दिया पर्यावरण व जल संरक्षण का संदेश

# हीरक जयंती वर्ष पर स्काऊट-गाइड की निकाली साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की स्थापना के 75 वें हीरक जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में कबीरधाम जिला संघ द्वारा पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता के लिए एक प्रभावशाली साइकिल संदेश रैली का आयोजन किया गया। यह रैली प्रातः 7 बजे बुढ़ामहादेव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वीर स्तंभ चौक (सिग्नल चौक) स्थित प्याऊ घर तक पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। यह आयोजन राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशन और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिन्होंने इसे एक प्रेरणास्पद अभियान के रूप में दिशा प्रदान की। करीब 5 किलो मीटर लंबी इस रैली में जिलेभर से सीनियर स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैनर, पोस्टर, तख्तियों, पाम्पलेट्स और साउंड सिस्टम के साथ नारों की गूंज ने नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया और जल तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति चेतना जागृत की। रैली की विशेष बात यह रही कि जनप्रतिनिधियों और स्काउट गाइड संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने स्वयं साइकिल चलाकर इसमें भागीदारी दी, जिससे समाज को यह संदेश गया कि पर्यावरण संरक्षण केवल उपदेश नहीं, अपितु स्वयं के आचरण से शुरू होता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला संघ अध्यक्ष शेखर बक्शी, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, जिला मुख्य आयुक्त रूपेश जैन, विश्व हिंदू परिषद से कैलाश शर्मा, पार्षद अजय ठाकुर, जिला सचिव नीलम यदु, जिला प्रशिक्षण आयुक्त सुजीत कुमार गुप्ता, जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी, जिला संगठन आयुक्त गाइड भगवती हठीले, राज्य युवा अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ठाकुर, रोवर लीडर विजय कुमार साहू, रेंजर लीडर सोनाली चंद्रवंशी, गाइड केप्टिन पुष्पांजलि तिवारी, स्काउट मास्टर मालिकराम मरकाम, रोवर लीडर समीर खान सहित भोरमदेव ओपन रोवर क्रू,भगत सिंह ओपन रोवर क्रू एवं मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम के रोवर्स रेंजर्स एवं स्काउट्स गाइड्स सम्मिलित हुए। यह आयोजन न केवल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक बना, बल्कि पर्यावरण एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में जनभागीदारी की एक अनुकरणीय मिसाल भी प्रस्तुत कर गया।




# परीक्षा परिणाम सीखने व सुधरने का एक अवसर: डॉ. रमेश चन्द्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शासकीय हाई स्कूल छिरहा में परीक्षा परिणाम के तनाव प्रबंधन पर कार्यक्रम आयोजित कर पालकों व विद्यार्थियों से विस्तार से चर्चा किया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, किंतु कई बार बच्चे उस तनाव के चलते अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं। यह समय बच्चों एवं पालकों के लिए बहुत संवेदनशील होता है तथा तनाव में रहने के कारण विद्यार्थी द्वारा कोई अप्रिय निर्णय लिए जाने की आशंका बढ़ जाती है। इससे विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। साथ ही कई बार पालकों की भी नकारात्मक भूमिका सामने आता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए तनाव प्रबंधन के लिए विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने कहा कि परीक्षा का जो भी परिणाम आये उसे सहर्ष स्वीकार करें। हर बच्चा अद्वितीय है और उसकी अपनी गति व क्षमताएँ हैं। अतः अपने बच्चे की तुलना दूसरे की परिणाम से न करें। सकारात्मक दृष्टिकोण बनाये रखें। यदि परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं है, तो बच्चे को यह समझने में मदद करें कि परीक्षा परिणाम उसके जीवन का अंत नहीं है बल्कि यह सीखने व सुधार करने का एक अवसर है।

